डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-5

सिनेमा:शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने मुंह छिपाने के लिए पहनी ऐसी अजीबो जैकेट

वर्ष -08 अंक -15 प्रयागराज, बुधवार 16 मार्च, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने शुरू किया पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का निर्माण, अब तक अमेरिका और रूस जैसे देशों के पास ही है यह फाइटर जेट

**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्रालय ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के डिजाइन और प्रोटोटाइप डेवलपमेंट के लिए प्रधानमंत्री की अगुआई वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति (सीसीएस) से मंजूरी लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में परियोजना के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी अपनी हवाई क्षमता में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि के लिए भारत उन्नत सुविधाओं के साथ पांचवीं पीढ़ी के मध्यम वजन वाले लड़ाकू जेट विकसित करने की परियोजना पर काम कर रहा है। परियोजना पर प्रारंभिक अनुमानित खर्च 1500 करोड़ रुपये है। विश्व में अभी अमेरिका, रूस और चीन जैसे कुछ चुने हुए देशों के पास ही पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान हैं। भट्ट ने राज्यसभा को बताया कि पिछले छह वर्ष के दौरान विमान दुर्घटनाओं में 42 रक्षा कर्मियों की जान गई। सदन में पेश ब्योरे के अनुसार, पिछले पांच वर्ष के दौरान 45 विमान दुर्घटनाएं हुई जिनमें वायुसेना की 29 दुर्घटनाएं शामिल हैं।

# स्कूल-कालेजों में हिजाब पहनने की इजाजत नहीं कर्नाटक हाईकोर्ट ने खारिज की सभी याचिकाएं


**बेंगलुरु।** शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने को लेकर पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं को खारिज कर दिया। सुनवाई के वक्त हाईकोर्ट ने कहा कि हिजाब पहनना इस्लाम की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा कि 5 फरवरी के सरकारी आदेश को अमान्य करने के लिए कोई केस नहीं बनता है। कोर्ट ने ये भी कहा कि स्कूल यूनिफार्म का प्रिस्क्रिप्शन एक उचित प्रतिबंध है, जिस पर छात्र आपत्ति नहीं कर सकता है। बता दें कि कर्नाटक हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित और न्यायमूर्ति खाजी जयबुन्नेसा मोहियुद्दीन भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। जोशी ने कहा कि मैं हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत करता हूं। सभी लोगों से अपील करता हूं कि देश और राज्य को आगे बढ़ाएं। हम सबको शांती का माहौल बनाकर रखना है। छात्रों का मूलभूत काम अध्ययन और ज्ञान अर्जित करना है। सब लोग एक होकर पढ़ाई करें।



हिजाब विवाद पर फैसले को लेकर कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई थी साथ ही इस दौरान स्कूल-कालेज भी बंद हैं। दक्षिण कन्नड के डीसी डा राजेंद्र केवी ने कहा कि बाहरी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी, लेकिन सभी स्कूलों और कालेजों की आंतरिक परीक्षाएं स्थगित कर दी जाएंगी। बता दें कि ये विवाद उडुपी जिले में एक कालेज में हिजाब पहनकर आने के बाद शुरू हुआ था। एक कालेज में कुछ लड़कियां हिजाब पहनकर आई थी, जिस कारण उन्हें क्लास में बैठने से रोक दिया गया था। हिजाब पहनने से रोके जाने के मुद्दे ने तूल पकड़ लिया। इसको लेकर कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन भी हुआ था। मामले को लेकर लड़कियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। लड़कियों ने हिजाब पहनकर कक्षा में प्रवेश करने की अनुमति देने की मांग की थी। मुस्लिम छात्राओं ने सुनवाई के दौरान कहा था कि हिजाब धार्मिक परंपरा का हिस्सा नहीं है, लेकिन यह उनकी धर्म के प्रति आस्था को दर्शाता है, जिसके चलते हिजाब को धर्म के जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। मामले में बीते महीने सुनवाई पूरी कर ली गई थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से दलीलें भी दी गई थी। सरकार ने बताया कि हिजाब एक आवश्यक धार्मिक परंपरा का हिस्सा नहीं है। सरकार ने कहा था कि धर्म को शिक्षण संस्थानों से दूर रखा जाना चाहिए। सरकार का कहना है कि मुस्लिम छात्राएं हिजाब पहनकर स्कूल कंपाउंड में आ सकती है, लेकिन क्लास के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## महंगे पेट्रोल की वजह से घोड़ा बन गया साथी, 'जिगर' से काम पर जाते हैं औरंगाबाद के शेख युसुफ

**मुंबई।** देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान पर हैं। रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतें रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। आशंका है कि इसका असर भारत में भी देखने को मिल सकता है। तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा कर सकती है। महंगे ईंधन की मार से बचने के लिए महाराष्ट्र के औरंगाबाद में एक शख्स ने नायाब तरीका खोज निकाला है। ईंधन की कीमतों में लगी आग के चलते औरंगाबाद के शेख युसुफ ने घोड़ा खरीद लिया है। शेख युसुफ एक कालेज में लैब असिस्टेंट का काम करते हैं। वे अपने घोड़े से ही लैब जाते हैं। उन्होंने घोड़े का नाम 'जिगर' रखा है। शेख युसुफ ने घोड़े से लैब जाने की वजह बताई है। उन्होंने बताया कि 'जिगर' को लाकडाउन के दौरान 40 हजार रुपये में खरीदा था। दरअसल, लाकडाउन के दौरान शेख युसुफ की बाइक खराब हो गई थी। पेट्रोल की कीमतें भी आसमान पर थी। साथ ही लाकडाउन के चलते पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी नहीं चल रहा था, लिहाजा उन्होंने घोड़े से ही लैब जाने का फैसला किया। शेख युसुफ आगे बताते हैं कि वे अब घोड़े से ही अपनी लैब जाते हैं। उनका कहना है कि घोड़े की सवारी उन्हें फिट रखती है। साथ ही, ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए परिवहन के साधन के रूप में घोड़ा अच्छा विकल्प है। बता दें कि औरंगाबाद में पेट्रोल की कीमत 111.10 रुपये प्रति लीटर हो गई है जबकि जिले में डीजल का दाम 93.83 रुपये प्रति लीटर है।



## पैसा बचाने के लिए एयरलाइनें नहीं करतीं एयरोब्रिज का उपयोग, लगेगा जुर्माना संसदीय समिति का सुझाव

**नई दिल्ली ।** परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी क्षेत्र की एयरलाइनें पैसा बचाने के लिए विमान में यात्रियों के सवार होने या उतरने के समय एयरोब्रिज का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। सुझाव दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान कंपनियां यात्रियों से एयरोब्रिज सुविधा का शुल्क वसूलती हैं। लेकिन परिचालन लागत घटाने के लिए वे इनका इस्तेमाल नहीं करतीं। इसके चलते विशेष रूप से बुजुर्ग यात्रियों को काफी परेशानी



इससे बुजुर्ग लोगों को काफी परेशानी होती है और उन्हें सीढियों का इस्तेमाल करना पड़ता है। एयरोब्रिज किसी हवाई अड्डे के टर्मिनल के द्वार को वहां खड़े किसी विमान के द्वार से सीधे जोड़ने का काम करता है। इस सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए एयरलाइनों को हवाई अड्डों को कुछ भुगतान करना पड़ता है। समिति की सोमवार को राज्यसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी विमानन कंपनियों का यह रुख काफी उदासीन और अनुचित है। समिति ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को ऐसी एयरलाइनों पर जुर्माना लगाने का होती है। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसदीय समिति ने हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसीओ) पद के लिए 708 रिक्तियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि एटीसीओ के 3,871 स्वीकृत पदों में 3,163 भरे गए हैं। इसका अर्थ है कि 708 पद खाली हैं। इनमें से ज्यादातर पद 2013, 2014 और 2015 में सृजित किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017 से एटीसीओ के लिए किसी भी स्तर पर कोई पद सृजित नहीं हुआ। हालांकि, एटीसीओ के 340 अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव हाल ही में किया गया है।

# बौखलाए पाकिस्तान के हाथों नाचने वाले लोग, जानें- मुशाल और यासीन मलिक के बारे में कुछ खास

**नई दिल्ली ।** कश्मीर पंडितों के दर्द को बयां करती द कश्मीर फाइल्स फिल्म के सामने आने के बाद पाकिस्तान और उसके हाथों की कठपुतली बने भाड़े के टट्टू और है। यासीन की बात करें तो वो 2017 के बाद से टेरर फंडिंग के मामले में जेल में है। वो जम्मू लिब्रेशन फंट का अध्यक्ष है। ये वही फ्रंट है जिसकी कश्मीर में एक कविता भी पढ़ी थी। द कश्मीर फाइल्स के बाद अचानक सुर्खियों में आने वाली मुशाल का पति यासीन की जम्मू कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट का एक अहम हिस्सा पाकिस्तान में



उनके दूसरे साथी बुरी तरह से बौखला गए हैं। यही वजह है कि वो अब भारत को लेकर अनर्गल बातें फैलाने में लगे हैं। इस तरह की बातें फैलाने में जिसका नाम सबसे आगे है वो है आतंकी यासीन मलिक की पाकिस्तानी बीवी मुशाल हुसैन मलिक। अब वो भी अचानक से सुर्खियों में आ गई है। कश्मीर फाइल्स से बौखलाई मुशाल अब भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम कर रही है। एक वीडियो में वो ये तक कहते सुनाई दे रही है कि पाकिस्तान कभी भी कश्मीर को नहीं छोड़ेगा। यदि इसकी भारत ने कोशिश भी की तो खून की नदियां बहेंगी। बता दें कि यासीन और मुशाल की शादी मार्च 2012 में पाकिस्तान में हुई थी। आपको बता दें कि मुशाल और यासीन और उन जैसे कुछ मुट्ठी भर लोग केवल भारत विरोधी बातें कहकर ही अपनी रोजीरोटी चला पा रहे हैं। पूरी दुनिया जानती है कि इनके पीछे कौन है और इनको कहां से फंडिंग होती हिंदुओं की हत्या करने और उन्हें वहां से भगाने में अहम भूमिका रही है। यासीन मलिक खुद एक आतंकी रह चुका है। उसके ऊपर वर्ष 1990 में भारतीय वायु सेना के चार कर्मियों की हत्या का आरोप लगा था जिसका अभी ट्रायल चल रहा है। इसके अलावा उस पर रुबैया सईद, जो पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी थी, के अपहरण का भी आरोप है। इन सभी आरोपों को मुशाल झूठा बताते हुए यासीन को बेगुनाह कहने से नहीं थकती है। उसकी गैरमौजूदगी में उसका काम मुशाल कर रही है और घिनौने आरोप लगा रही है। मुशाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। उसके वैरिफाइड ट्विटर अकाउंट के करीब 80000 से ज्यादा फालोवर्स हैं। इनमें अधिकतर पाकिस्तानी हैं। वो खुद को अलगाववादी नेता बताती है। वर्ष 2019 में मुशाला पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित एक प्रोग्राम में हिस्सा लिया था और आतंकियों का सरगना बना सैयद सलाहउद्दीन भी है जिसको पहले यूसुफ शाह के नाम से जाना जाता था। यासीन ने भी पाकिस्तान में अपने दूसरे साथियों के साथ आतंकी ट्रेनिंग ली है। 1995 में उसने बंदूक छोड़कर भारत सरकार से बातचीत के जरिए किसी नतीजे पर पहुंचने का एलान किया। हालांकि उसका ये फैसला उसके ही दूसरे साथियों को पंसद नहीं आया। 1995 में ही उसको जेकेएलएफ के संस्थापक अमानुल्लाह खान ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके कुछ दिन बाद ही यासीन ने खुद को सर्वेसर्वा बता खान को पार्टी से बाहर कर दिया। इस घटना के बाद जेकेएलएफ दो धड़ों में बंट गई। पाकिस्तान ने जेकेएलएफ के लीडर के रूप में यासीन को ही मान्यता दी। यासीन ने 1995 के जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों का विरोध किया।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब विवाद पर सुनाया फैसला, यूपी चुनाव में मिली हार पर समीक्षा बैठक करेंगी प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली ।** हिजाब मुद्दे पर कर्नाटक हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाली पीठ आज इस मामले में फैसला सुना दिया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय का कहना है कि हिजाब पहनना इस्लाम की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। 5 फरवरी के सरकारी आदेश को अमान्य करने के लिए कोई केस नहीं बनता है। वहीं, रूस और यूक्रेन के बीच आज फिर से वार्ता होगी। सोमवार को दोनों देशों के बीच वार्ता हुई थी। लेकिन ये वार्ता बेनतीजा रही आज रूस और यूक्रेन के बीच पांचवे दौर की वार्ता होनी है। इसी बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज राज्यसभा में रूस-यूक्रेन युद्ध पर बयान देंगे। उपसभापति वेंकैया नायडू ने यह सोमवार को सदन में यह जानकारी देते हुए यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को निकालने के लिए चलाए गए आपरेशन गंगा



की सराहना की और साथ ही उन छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताई। साथ ही भारतीय मिसाइल के पाकिस्तान में गिरने के मामले में आज लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बयान देंगे। पाकिस्तान ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संयुक्त जांच की मांग की है।

# दो दिन में 40 डिग्री के पार जा सकता है तापमान, लू को लेकर मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली ।** राजस्थान और गुजरात पर प्रति चक्रवात अब भी मौजूद है। जिस स्थान पर यह चक्रवात बना हुआ है, वहां तापमान काफी बढ़ा हुआ है। इस वजह से गुजरात की तरफ से आ रही गर्म हवाओं से पूरे मध्य प्रदेश में अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र के सौराष्ट्र, कच्छ और कोंकण और राजस्थान एवं तटीय कर्नाटक में लू चलने की चेतावनी। दिल्ली एनसीआर में तापमान में इसी सप्ताह और वृद्धि होने के आसार। मंगलवार को दिन भर खिली रहेगी तेज धूप, 34 डिग्री तक जा सकता तापमान। शनिवार तक अधिकतम 36 जबकि न्यूनतम 18 डिग्री पहुंच जाने का पूर्वानुमान। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में तापमान के तेजी से बढ़ने के साथ ही किसी भी समय लू के थपेड़े लग सकते हैं। 15 और 16 मार्च को मुंबई सहित ठाणे,



रायगड, पालघर, सिंधुदुर्ग और रतनगिरी जिलों में हीट वेव (लू) के असर को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इन दो दिनों में जरूरत होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह मौसम विभाग ने दी है। हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने 15 मार्च को मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 16 मार्च को इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। रतनगिरी और सिंधुदुर्ग के लिए दोनों दिनों में येलो अलर्ट रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान बढ़ते-बढ़ते 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अगले दो दिनों तक इसमें और अधिक इजाफा होगा। अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान भी बढ़ेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दिल्ली के उस्मानपुर में आग 9-10 दमकलकर्मियों के प्रयास से नियंत्रण में हालात

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली के उस्मानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एक कचरा गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलते



ही मौके पर दमकल की 9-10 गाडियां मौजूद पहुंची और घंटों के प्रयास से हालात पर काबू पा लिया। एक दमकल अधिकारी ने बताया, 'घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग पर पूरा काबू पा लिया गया है दिल्लीः उस्मानपुर क्षेत्र में एक कचरा गोदाम में आग लग गई। मौके पर दमकल की 9-10 गाडियां मौजूद हैं। हालांकि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को दिल्ली के गोकुलपुरी थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव में आग लगने से सात लयां जलकर राख हो गई। जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री अरविंद व्तों से एक साथ बात की और मुआवजे का एलान भी किया। उन्होंने घोषणा कारने वाले वयस्कों के परिजनों को 10 लाख रुपये, बच्चों के परिजनों को 5 लाख रुपये और प्रत्येक पीडित के पुनर्वास के लिए 25 हजार रुपये देने का एलान किया है।



# एनटीपीसी सिक्योरिटी कर्मचारी ड्यूटी से बगल करने पर 50 कर्मचारी धरने पर बैठे

(आधुनिक समाचार सेवा)
राकेश मिश्रा

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना के अंतर्गत एनटीपीसी 4 वर्ष से सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को हेयर सिक्योरिटी सुनील कुमार के द्वारा कर्मचारियों को बहिष्कार अवगत कराते हुए एनटीपीसी के कर्मचारी से लेकर के जिम्मेदार अधिकारी तक किसी भी प्रकार कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं इनकी मांग जब तक पूरी नहीं होगी यह धरने पर बैठे रहेंगे अपनी पीड़ा अपनी दर्द अधिकारियों से कहते हुए हमें



किया गया जिसको लेकर के कर्मचारी मेन गेट पर धरने पर बैठे अपनी मांग लेते हुए कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी के समय कर्मचारियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर के ड्यूटी पर मुस्तैद रहे नौकरी से बगल करने की खबर सुनते ही कर्मचारियों में मची हड़कंप अपनी मांग एसडीएम महोदय तक नौकरी पर बहाल किया जाए जिससे मेरे घर की रोजी रोटी चल सके नहीं तो हम सब भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे राकेश तिवारी रजनीश त्रिपाठी राकेश तिवारी दिवाकर सिंह शैलेंद्र द्विवेदी के साथ 50 कर्मचारी मौजूद दिखे देखिए शासन-प्रशासन कितना एक्शन लेती है।

# मधुमेह और दिल के मरीज भी खा सकेंगे गुझिया, प्रयागराज के बाजार में है उपलब्ध

**प्रयागराज।** होली के त्योहार पर गुझिया न हो तो त्योहार का मजा ही अधूरा रह जाता है। होली पर गुझिया खाने का सभी को मन होता है। परेशानी होती है तो डायबिटीज मरीजों के लिए। मधुमेह से पीड़ित लोग चाहकर भी चीनी वाली गुझिया का स्वाद नहीं ले सकते। अगर खा भी लिया तो शुगर बढ़ने की समस्या झेलनी पड़ती है। हालांकि परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रयागराज में शुगर फ्री गुझिया भी बन रही है। शुगर की बढ़ती समस्या को देखते हुए बाजार में शुगर फ्री गुझिया की डिमांड बढ़ गई है। हालांकि इसके लिए जेब कुछ ज्यादा ढीली करनी पड़ सकती है। होली में महज अब कुछ ही दिन शेष रह गया है। ऐसे में बाजार में खास तैयारियां शुरू हो गई है। बाजार में शुगर के मरीजों के लिए खास शुगर फ्री गुझिया आई है।



इसको व्यापारियों की ओर से मिठाइयों व नमकीनों के साथ गिफ्ट पैकों में भी तैयार किया जा रहा है। वहीं त्योहार में बढ़ती गुझिया की मांग को देखते हुए दुकानों पर कारीगरों की संख्या को भी बढ़ा दिया गया है। बैरहना में मिठाई की दुकान चलाने वाले प्रदीप कुमार गुप्ता बताते हैं कि होली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। नमकीन व मिठाई की खपत भी बढ़ गई है। इस बार त्योहार को देखते हुए शुगर फ्री गुझिया बनाई गई है। मधुमेह रोगियों के स्वाद में यह गुझिया त्योहार पर मिठास घोलेगा। इसको मधुमेह के रोगियों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। हालांकि इसकी कीमत आम गुझिया से थोड़ी ज्यादा है। जहां आम गुझिया 300 से 400 रुपये प्रतिकिलो हिसाब से मिल रहा है। वहीं शुगर फ्री गुझिया 450 से 550 रुपये प्रति किलो की दर पर बाजार में मौजूद है। सिविल लाइंस स्थित कुछ दुकानों पर मौजूद बेकरी से सेंक कर गुझिया बना रहे हैं, जो लोगों को पसंद आ रही है। दिल के मरीजों द्वारा इसको खूब पसंद किया जा रहा है। दिल के मरीज बेकरी से सिकी गुझिया बेहिचक खा सकते हैं। इसे घी, रिफाइंड में नहीं तला जाता है। इससे हृदय रोगी भी खा सकते हैं। इस बार होली पर गिफ्ट पैक की मांग ज्यादा है। ब्रांडेड नमकीन और मिठाइयां खरीदने वाले अधिक हैं। होली पर गुझिया के साथ नमकीन की जुगलबंदी है।

# राजा भैया और डीएम को फोन पर बोले अपशब्द, आबकारी निरीक्षक ने लिखाया प्रतापगढ़ में केस

**प्रयागराज।** यूपी विधानसभा चुनाव में लगातार चर्चित रही सीट और राजा भैया से जुड़ा एक और मामला सामने आया है। कुंडा तहसील क्षेत्र के एक आबकारी निरीक्षक को



किसी शख्स ने फोन किया और खुद को ओसएडी बताते हुए राजा भैया से लेकर जिलाधिकारी तक के लिए अपशब्द कहते हुए धमकाया। इस मामले में आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा लिखा और फोन करने वाले शख्स की तलाश शुरू की। कुंडा तहसील क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक पीयूष विक्रम के फोन पर सोमवार रात करीब नौ बजे अपने कार्यालय पर मौजूद थे तभी अज्ञात नंबर से उनके सीयूजी नंबर पर फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को ओएसडी और अपना नाम आलोक त्रिपाठी बताया। हालांकि यह नहीं साफ किया कि वह किसका ओसएडी है। इसके बाद फोन करने वाले शख्स ने कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के बारे में पूछताछ की। इसी दौरान वह रघुराज प्रताप सिंह के लिए अपशब्द बोलने लगा। राजा भैया ही नहीं, उसने प्रतापगढ़ के डीएम नितिन बंसल, एसडीएम कुंडा सतीश चंद्र त्रिपाठी और आबकारी निरीक्षक को भी खराब शब्द प्रयोग किए। अज्ञात व्यक्ति की पूरी बात आबकारी निरीक्षक के मोबाइल में रिकार्ड हो गई। आबकारी निरीक्षक पीयूष विक्रम ने इस बारे में अपने अधिकारियों को बताया। फिर कुंडा कोतवाली में तहरीर दी। इस बारे में कुंडा कोतवाल प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पता किया जा रहा है कि फोन जिस नंबर से किया गया, वह किसके नाम है। काल डिटेल भी हासिल की जा रही है।

# इलाहाबाद कौशांबी अस्थानीय निकाय एम एल सी प्रत्याशी बने बासुदेव यादव

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** नगर पंचायत फूलपुर मोहल्ला फरीदाबाद में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक



सम्पन्न हुई जिसमें समाजवादी पार्टी इलाहाबाद कौशांबी अस्थानीय निकाय एम एल सी चुनाव में निवर्तमान विधान परिषद सदस्य माननीय बासुदेव यादव जी को प्रत्याशी बनाये जाने पर सपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया इस दौरान समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने कहा कि बासुदेव यादव ने एम एल सी रहते गरीबों, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, अल्पसंख्यकों, दलितों समाज के वंचित लोगों की आवाज सड़क से सदन तक आवाज उठाते रहें प्रधान,बी डी सी जिला पंचायत सदस्य सभासदों ने क्षेत्र के विकास व खुशहाली तरक्की के लिए बासुदेव यादव जी को वोट देने जा रहा है इस दौराना,सा०ा,सा विधानसभा अध्यक्ष कुमार मंगल, मुराद मंसूरी,सोनू पांडेय,मो इरफान, विरेन्द्र यादव,मो मसूद शारूख,शर्वेस यादव, वाजिद तुफानी, परवेज आलम,अरशद खान,यहिया सिद्दीकी,अरकान सिद्दीकी,सुनील यादव,

# सचिव ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण एवं वृद्धजनों को किया जागरूक

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने चिलबिला स्थित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया गया।आश्रम में उपस्थित वृद्ध व्यक्तियों को उनके अधिकारों से भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 में दी गयी व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि किसी भी माता पिता या वरिष्ठ नागरिक को कोई समस्या उसके परिजनों द्वारा उत्पनन्‍ की जाये तो उसकी सीधी शिकायत सम्बन्धित उपजिला मजिस्ट्रेट से करनी



सम्बन्धित उन्होंने विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया। उन्होंने वृद्धा आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आश्रम के साफ-सफाई का निर्देश प्रबन्धक को दिया। उन्होने निर्देशित किया कि वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध व्यक्तियों को जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है उन्हें कोविड-19 बूस्टर डोज लगवायी जाये। इस अवसर पर सचिव ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि 60 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों को सरकार द्वारा विभिनन्‍ योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये कानून बनाया गया है। इसका लाभ आप लोगों को लेना चाहिये। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का चाहिये। पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है।इस अवसर पर प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि वृद्धा आश्रम में कुल 72 पंजीकृत वृद्ध हैं जिनमें 53 पुरूष एवं 19 महिलायें है।प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि सभी वरिष्ठ नागरिकों को कोविड-19 की दोनो डोज दी जा चुकी है। वृद्धा आश्रम में रह रहे लोगों को देखने के लिये जिला चिकित्सालय से चिकित्सक नियमित रूप से नहीं आते हैं।गत माह आयुर्वेद चिकित्सक आया था।उसके बाद कोई चिकित्सक स्वास्थ्य जाँच हेतु नहीं आया।

# गर्मी की शुरुआत, अस्पतालों पर लग रही भीड़..........

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** गर्मी की आहट से वायरल रोगियों की संख्या बढ़ी तो अस्पतालों की ओपीडी पर भीड़ लगने लगी। वायरल फीवर, सर्दी, जुखाम, खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। वही कुत्ता काटने के केस भी ज्यादा आने लगे हैं। बता दें। कि आधा मार्च बीता है। पारा 31 डिग्री जा पहुंचा। अभी अप्रैल मई-जून बाकी है। लगता है भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा।



# इफ्को में होली के रंग फागुन के संग अंतर्गत लोक संगीत संध्या

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** इफको के मुक्ताकाशी मंच पर आकाशवाणी प्रयागराज और इफ्को के संयुक्त तत्वाधान में होली के रंग अपनों के संग अंतर्गत आकाशवाणी इलाहाबाद द्वारा आमंत्रित श्रोताओं के समक्ष लोकगीत निदेशक लोकेश शुक्ल तथा केंद्राध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात आकाशवाणी की लोक कलाकार मल्लिका चटर्जी, प्रतिमा मिश्रा, रंजना त्रिपाठी, रश्मि भारतीया ने समवेत रूप से ठखेलें भऊजी से रंगनवा ननंद लहुरीठलोक गायन की सफल प्रस्तुति की। इस क्रम में लोक कलाकार उमेश चंद्र कनौजिया तथा सहयोगी कलाकारों ने ठरंग फागुन बसंती रंग गइले रामठकी प्रस्तुति की। आकाशवाणी के कलाकार श्यामलाल बेगाना ने बेलवरिया प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। मंच संचालन वंदना श्रीवास्तव ने किया इफ्को इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने भी दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विनीता कुदेशिया, आफिसर्स एसोसिएशन संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विनय यादव संयुक्त महाप्रबंधक संजय वैश्य, दानवीर सिंह, एसके सिंह, डीके शर्मा, एके श्रीवास्तव, पीके सिंह, संजय भंडारी, पीके त्रिपाठी, संचालन डीके शुक्ला ने किया। धन्यवाद ज्ञापित एसके सिंह ने करते हुए आगंतुकों एवं लोक कलाकारों के प्रति आभार प्रकट किया।

# टिकट का कालाबाजारी करने वाला युवक चढ़ा रेलवे पुलिस के हत्थे

(आधुनिक समाचार सेवा)
शुभम मोदनवाल

**सैदपुर औड़िहार।** रेलवे का टिकट कालाबाजारी करने वाला रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ा सोमवार को निरीक्षक/रेसुब औडिहार सुमन कुमार टीम व सहायक उप निरीक्षक/रेसुब सीआइबी/वाराणसी गुलाम वारिश सिद्दकी द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर बेलहरी खानपुर स्थित एक सहज मित्र केन्द्र के संचालक प्रमोद बिंद (24) पुत्र शिव चन्द बिंद निवासी बेलहरी थाना खानपुर को सोमवार शाम लगभग 6 बजे करीब रेल टिकटों के अवैध कारोबार के जुर्म के हिरासत में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है




# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

1.**प्रमाण पत्रः**- सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। 2.**चयन की प्रक्रियाः**- इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। 3.**आयु सीमाः**- उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। 4.**आवेदन कैसे करेः**- आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। 5.आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। 6.**कक्षायें/उपस्थितिः**- छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 7.**छात्रवृत्तिः**- दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। 8. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। 9.**दाखिले की अंतिम तिथिः**- 31 मार्च 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# नवजात बच्ची को जिंदा बोरे में बंद फेंका मिला ,पुलिस ने किया चाइल्ड लाइन को सिपुर्द

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के सहमल पुर स्थित प्राचीन मंदिर के समीप सुबह बोरे में भरकर नवजात बच्ची फेंकी हुई मिली। रोने की आवाज सुनकर आस -पास के लोगों ने नजदीक के न्यू लक्ष्मी अस्पताल एवम ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ0 अनिल यादव के निगरानी में इलाज कर सूचना बड़ागांव पुलिस को दे दी गई। दोपहर तक इलाज चलता रहा इसके बाद चाइल्ड लाइन सिगरा से आये संगीता भारतीय व अभय मसीह ने पुलिस व अस्पताल के लिखित कार्यवाही के बाद चाइल्ड लाइन को सिपुर्द कर दिया। बोरे में फेंकी हुई नवजात को लेकर आस -पास तरह -तरह की चर्चाएं चल रही है।



# मां गौरा के गवना में जमकर उड़े अबीर गुलाल, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ डमरू वादन, शंखनाद, व मां काली का मूर्ति रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** शहावाबाद में रंगभरी एकादशी पर सोमवार को माता गौरा की गवना के लिए पालकी के साथ क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने बाजा बाजा के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए हर्षोल्लास के साथ गौना यात्रा निकाली गयी। जो शहावाबाद से शुरू होकर दरेखू ,सागरपुर ,नाटापुर,बीकापुर, नेरापुर होते हुए दरेखू स्थित प्राचीन शिव धाम मंदिर पर पहुंचा जहां पर ब्रह्मणों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ तथा माता गौरा की गवना का रस्म पूरा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक दीपक जायसवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि को हम लोग बाबा भोलेनाथ का बारात विगत कई वर्षो से निकालते चले आ रहे हैं जो रंगभरी एकादशी के दिन मां गौरा का पालकी के संग हर्षोल्लास के साथ जुलूस में



डमरू वादन ,मां काली की मूर्ति,ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए आते हैं और ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान से बाबा भोलेनाथ व मां पार्वती का गोना संपन्न करवाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान मनीष जायसवाल, विजय मोदनवाल, सनी गुप्ता, दीपक जख्मी, पंकज मिश्रा, नंदलाल जायसवाल ,विजय चिलम, मंगला प्रसाद मिश्रा, देवनाथ, शिवम मिश्रा, भगवान प्रसाद गुप्ता, रवि सिंह ,पवन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे।

# महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली, तस्वीरों में देखें घाट का उल्लास

**वाराणसी।** काशी में परंपराओं की होली के क्रम में मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली खेलने की परंपरा का अपना महत्व है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर आस्थावानों ने परंपरा के अनुसार सबसे पहले मसाननाथ की प्रतिमा पर अबीर गुलाल और चिता भस्म लगाने के बाद घाट पर पहुंचकर ठंडी हो चुकी चिताओं से राख उठाई और एक दूसरे पर फेंककर परंपराओं के मुताबित चिता भस्म की होली खेली। तस्वीरों में देखिए महाश्मशान मणिकर्णिका घाट की अनोखी चिता भस्म की होली महाश्मशान मणिकर्णिका की चिता भस्म होली : सैकड़ों नहीं हजारों की भीड़ मणिकर्णिका घाट पर उमड़ी और आस्था में रचे पगे धुनों की थाप से होलियाना मूड में महाश्मशान डूब गया। महाश्मशान मणिकर्णिका की चिता भस्म होली : चिताओं की भस्म फिजा में घुली तो पूरा माहौल चिता भस्म की रंगत में धुआं धुआं नजर आने लगा। महाश्मशान मणिकर्णिका की चिता भस्म होली : बाबा की नगरी काशी में आस्था का कोई भी ओर छोर नजर नहीं आया और घर स्वर हर हर महादेव के उद्घोष में मिलती गई। महाश्मशान मणिकर्णिका की चिता भस्म होली : बाबा दरबार में आस्था की हाजिरी लगाने के बाद महाश्मशान पर लोगों के आने का क्रम शुरू हुआ तो दोपहर बाद तक बाबा के भक्तों का मणिकर्णिका घाट पर जमावड़ा रहा।




# वाराणसी में जैतपुरा थाने में पूर्व विधायक विजय मिश्र समेत 13 के खिलाफ मुकदमा कार्रवाई से कोसों दूर पुलिस

**वाराणसी।** सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा वापस नहीं लेने पर पीड़िता को धमकाने, लूटपाट और उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्र के आरोपित भतीजे सतीश मिश्र को जैतपुरा पुलिस प्रयागराज के सिविल लाइन से गिरफ्तार करने के बाद शांत बैठ गई है। अन्य आरोपित को गिरफ्तार करने में जैतपुरा पुलिस कोई रुचि नहीं दिखा रही है। विधानसभा चुनाव में व्यस्त होने का बहाना बनाती रही, अब होली का। जैतपुरा निवासी युवती ने विजय मिश्र समेत 13 लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा गोपीगंज थाना में दर्ज कराया था। पीड़िता ने बीते 13 सितंबर को जैतपुरा थाने में विजय मिश्र, उनके बेटे विष्णु मिश्र, बेटी रीमा पांडेय, सीमा पांडेय, गरिमा तिवारी, भतीजे सतीश मिश्र, मनीष मिश्र समेत 13 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि ये लोग उसके द्वारा गोपीगंज थाना में दर्ज कराए गए मुकदमे में बयान बदलने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। जेल में बंद विजय मिश्र की बेटी, दामाद, भतीजे कुछ अवांछनीय लोगों को लेकर उसके घर में घुस आए और अपशब्द बोलते हुए उसे सुलह करने के लिए धमकी देने लगे। विजय मिश्र की ताकत का हवाला देकर सुलह नहीं करने पर सूर्यमणि सिपाही की भांति उसकी भी हत्या कराने जैसा अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे थे। जब उसने विरोध किया तो सभी ने उसका मोबाइल छीन लिया और मारपीट करते हुए उसकी हत्या का प्रयास किया। शोरगुल होने पर उसे धमकाते हुए अपनी गाड़ी में बैठकर चले गए। एडीसीपी वरुणा जोन प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक ईश्वर दयाल दुबे के नेतृत्व में टीम मुंबई गई और 12 दिन बाद खाली हाथ लौट आई थी। मौके पर आरोपितों के नहीं मिलने पर टीम ने पांच स्थानों पर 82 की कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा की है। विधानसभा चुनाव के नाम पर जैतपुरा पुलिस शांत बैठ गई है, अन्य आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी इस बारे में कोई भी बताने को तैयार नहीं है।




# यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को होली के बाद मिलेगा प्रवेश पत्र, क्षेत्रीय कार्यालय में तैयारियां पूरी

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड 24 मार्च से होने वाली हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं की तैयारी में जुटा हुआ है। इस क्रम में बोर्ड ने प्रवेश पत्र, छात्र नामावली, डेस्क स्लिप जारी कर दी है। क्षेत्रीय बोर्ड कार्यालय वाराणसी ने वाराणसी परिक्षेत्र सभी 15 जिलों की नामावली व प्रवेश पत्र मंगलवार को संबंधित जिलों में भेज दिया है। ऐसे हाईस्कूल व इंटर के परीक्षाथिर्यों को होली बाद संबंधित विद्यालयों से ही प्रवेश पत्र मिलने की संभावना है। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी परिक्षेत्र में 15 जिले आते हैं। प्रवेश पत्र, छात्र नामावली, डेस्क स्लिप लिफाफा पैक करने में क्षेत्रीय कार्यालय को कम से कम 15 दिन का समय लग जाता था लेकिन समय कम होने के कारण कर्मचारियों ने 15 दिन का काम 36 घंटे में ही पूरा कर दिया। क्षेत्रीय कार्यालय के अपर सचिव सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 24 घंटे से कार्यालय में लगातार कार्य चल रहा है। होली का त्योहार को देखते हुए अवकाश से पहले सभी 15 जिलों नामावली 15 मार्च तक भेजने का लक्ष्य रखा गया है। नकल पर शिकंजा कसने के लिए एसटीएफ व एलआइयू का भी सहयोग : यूपी बोर्ड 24 मार्च से दो पालियों में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए जनपद को छह जोन व 18 सेक्टर में बांटा गया है। सभी जोनल व सेक्टर में एक-एक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा सभी 131 केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष, अतिरिक्त केंद्राध्यक्ष के अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट पूरे तीन घंटे तक एक ही केंद्र पर जमे रहेंगे। यही नहीं नकल पर शिकंजा कसने के लिए एसटीएफ व एलआइयू द्वारा निगरानी कराई जाएगी। शासन ने शुचिता पूर्वक परीक्षा कराने के लिए सूबे के सभी जनपदों में अलग-अलग पर्यवेक्षक की भी नियुक्ति कर दी है। इस क्रम में उप शिक्षा निदेशक प्रमोद कुमार को वाराणसी का पर्यवेक्षक नामित किया गया है। वहीं प्रदेश स्तर पर भी परीक्षा की आनलाइन निगरानी के लिए लखनऊ में कंट्रोल रूम बनाया गया है। वहीं जनपद स्तर पर राजकीय क्वींस इंटर कालेज में आनलाइन कंट्रोल रूम बनाया गया है। वेबकास्टिंग से जनपद के सभी 131 केंद्रों को क्वींस कालेज से जोड़ दिया गया है। इसके अलावा डीआइओएस कार्यालय में भी एक कंट्रोल रूम बनाने का प्रस्ताव है। मंडल स्तर पर चार व जनपद स्तर पर छह सचल दस्ता गठित किए जा रहे हैं। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर आंतरिक सचल दस्ता गठित करने का निर्देश है। संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. प्रदीप कुमार ने सोमवार को चंदौली का दौरा कर परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। उधर डीआइओएस डा. विनोद कुमार राय ने क्वींस कालेज स्थित आनलाइन कंट्रोल रूम का परीक्षण किया।




# आजमगढ़ का एसी मैकेनिक आसिफ लखनऊ की किशोरी को लेकर जा रहा था मुंबई लव जेहाद की जानकारी पर गिरफ्तार

**वाराणसी।** प्रयागराज में आजमगढ़ जिले के युवक के पकड़े जाने के बाद लव जेहाद का मामला सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। आजमगढ़ जिला निवासी आसिफ लखनऊ की रहने वाली एक किशोरी से इंस्टाग्राम और फ्री फायर गेम के जरिए संपर्क में आया था। फोन पर बातचीत के दौरान प्रेम प्रदर्शित करने के बाद बीते 12 मार्च को आरोपित आसिफ किशोरी को लखनऊ से लेकर आजमगढ़ भाग निकला। पहले वह अपने घर गया और सोमवार को उसे मुंबई लेकर जाने की कोशिश करता हुआ पकड़ा गया। प्रयागराज सिविल लाइंस रेलवे स्टेशन के पास लोगों ने दोनों को पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। अलग अलग समुदाय का मामला होने की वजह से पुलिस ने आला अधिकारियों को इस मामले की जानकारी देने के साथ ही लखनऊ पुलिस को भी इस प्रकरण से अवगत करा दिया गया है। आजमगढ़ जिले में सरायमीर थाना क्षेत्र के डंडवा मुस्तफाबाद गांव के रहने वाले आसिफ की दोस्ती करीब दो साल पहले लखनऊ की किशोरी से इंस्टाग्राम और फ्री फायर गेम के जरिए हुई थी। पुलिस के अनुसार किशोरी कक्षा सात की छात्रा है। 12 मार्च को स्कूल पहुंचकर उसने परीक्षा दी और पहले से स्कूल के बाहर खड़े आसिफ ने उससे मुलाकात करने के बाद उसको लेकर आजमगढ़ अपने घर भाग निकला। पिता ने की थी आपत्ति : सरायमीर थाना क्षेत्र के डंडवा मुस्तफाबाद गांव निवासी आसिफ बीते 12 मार्च को किशोरी के साथ आसिफ छात्रा को लेकर अपने घर पहुंचा था। इस बात की जानकारी होने के बाद पिता ने आपत्ति की थी। पिता ने जब कहा कि किशोरी को मैं उसके घर पहुंचा दूंगा, तो दूसरे दिन आसिफ यह कहकर निकल गया कि मै खुद ही उसके घर पहुंचा देता हूं, लेकिन किशोरी को लेकर वह लखनऊ नहीं पहुंचा। 13 मार्च की सुबह लखनऊ पुलिस से बात हुई तो आसिफ ने कहा कि आज ही लखनऊ आ जाएंगे। जब वह लखनऊ नहीं पहुंचा तो सोमवार को सुबह लखनऊ महानगर थाने की पुलिस उसके घर भी आ धमकी, लेकिन दोनों मौके पर नहीं मिले। उसके पिता ने बताया था वह लखनऊ जाने की बात कहकर घर से निकला था। प्रयागराज रेलवे स?टेशन के बाहर पुलिस ने पकड़ा : 13 मार्च को किशोरी को लेकर आसिफ आजमगढ़ अपने घर पहुंचा था। पुलिस को भी गुमराह कर वह 14 मार्च सोमवार को किशोरी को लेकर मुंबई के लिए निकल गया। देर रात प्रयागराज में सिविल लाइन साइड रेलवे स्टेशन के बाहर वह पहुंचा था। काफी देर तक दोनों स्टेशन परिसर में टहलते रहे तो लोगों को उनकी गतिविधियों पर संदेह हुआ और पूछताछ की गई तो पता चला कि दोनों अलग धर्म के हैं और नाबालिग छात्रा के होने की वजह से सिविल लाइंस पुलिस को सूचना दी गई। मुंबई में एसी बनाता है आसिफ : पुलिस के अनुसार आसिफ मुंबई में रहकर एसी बनाने का काम करता है। लिहाजा वह किशोरी को लखनऊ उसके घर न ले जाकर अपने साथ मुंबई ले जा रहा था। प्रयागराज पुलिस के अनुसार किशोरी के गायब होने का मुकदमा लखनऊ महानगर थाने में दर्ज है। वहां की पुलिस को सूचना देने के साथ ही किशोरी के घर वालों को भी इस बात से अवगत करा दिया गया है।




# यूपी में मात्र 6.5 प्रतिशत ही जारी होता है उचित मृत्यु प्रमाण पत्र, डाक्टरों को कई पक्षों को समझना होगा

**वाराणसी।** टाटा मेमोरियल सेंटर की इकाई सेंटर फार कैंसर एपिडेमियोलाजी (सीसीई) व यूनिट फार स्ट्रेंथिनिंग काज आफ डेथ डाटा (यूएससीओडीडी) व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र की ओर से मंगलवार को डाक्टरों को मृत्यु- प्रमाण पत्र जारी करने की बारीकियां बताई गई। इस कार्यक्रम में राज्य चिकित्सा शिक्षा विभाग, वाराणसी स्वास्थ्य विभाग सहित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र के 60 से अधिक डाक्टरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र की उपयोगिता एवं तैयार करते वक्त बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी डाक्टरों संग साझा की गई। देश में मृत्यु प्रमाण पत्र का लेखा-जोखा रखने वाली संस्था रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में चिकित्सकीय पद्धति द्वारा जारी किए जाने वाले मृत्यु-प्रमाण पत्र कुल मृत्यु का केवल 6.5 प्रतिशत ही है। ऐसे में इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर न केवल जागरूकता फैलाने की जरूरत है, बल्कि बहुत कुछ किया जाना भी जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी के उपनिदेशक एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के प्रभारी डॉ. पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि किसी भी तरह की बीमारी को बेहतर रूप से समझने के लिए उससे होने वाली मौतों का अध्ययन बेहद जरूरी है। यह तभी संभव है जब मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए काम करने वाले लोग बेहतर रूप से प्रशिक्षित होंगे। कोविड जैसी महामारी के कारण मृत्यु-प्रमाण पत्र की भूमिका और भी अधिक हो गई है। आज होने वाली यह ट्रेनिंग इस तरह की पहली ट्रेनिंग है, लेकिन आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में इस तरह के और भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने उपरोक्त कार्यक्रम के लिए सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी (सीसीई) व यूनिट फॉर स्ट्रेंथिनिंग कॉज ऑफ डेथ डाटा (यूएससीओडीडी) का आभार व्यक्त किया और कहा कि जीवन में जितना अहम जन्म प्रमाण पत्र है उतना ही मृत्यु प्रमाण पत्र। इसके अभाव में मौत के कारणों के बारे में सटीक जानकारी पाना मुश्किल है साथ ही मेडिकल साइंस के क्षेत्र में इसके बगैर कई तरह के अध्ययन करना भी बेहद कठिन है।



# पूर्वांचल में एमएलसी चुनावों का बजा बिगुल, दिग्गजों ने जीत की रणनीति शुरू की

**वाराणसी।** पूर्वांचल की पांच विधान परिषद (एमएलसी) की सीटों के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विधान परिषद की प्रदेश भर में 36 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 30 सीटों के लिए 19 मार्च तक, छह सीटों के लिए 22 मार्च तक नामांकन पर्चे भरे जाएंगे। वहीं नौ अप्रैल को इसका मतदान होगा तो आगामी 12 अप्रैल को मतगणना होगी। भाजपा और सपा दोनों ही दल अधिक से अधिक सीटों पर अपने-अपने प्रत्याशी जिताने की कोशिश में जुट गए हैं। इसके लिए रणनीति पार्टी स्तर पर शुरू हो चुकी है। जल्द ही दावेदारों के नाम सामने आने की उम्मीद जगी है। पूर्वांचल में पांच विधान परिषद की सीटें हैं। जिसमें वाराणसी-चंदौली -भदोही एमएलसी सीट (वर्तमान में बृजेश सिंह), मीरजापुर और सोनभद्र विधान परिषद सीट ( वर्तमान में विजय मिश्रा की पत्नी रामलली), गाजीपुर विधान परिषद सीट (विशाल सिंह 'चंचल') सहित आजमगढ़-मऊ, जौनपुर और देवरिया व बलिया आदि सीटों के लिए 22 मार्च तक नामांकन होना है। इसमें पूर्वांचल से देवरिया और बलिया सीट साझे की है। इस प्रकार कुल पांच सीटों के लिए विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद अब विधान परिषद के लिए सियासी जंग का दौर शुरू होने जा रहा है। पूर्वांचल में इन प्रमुख सीटों के लिए चुनाव प्रचार के पूर्व प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार है। प्रमुख दलों की ओर से इस बाबत स्थिति स्पष्ट न होने की वजह से अभी एमएलसी चुनाव को लेकर भी काफी मंथन का दौर जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि होली के पूर्व ही सभी उम्मीदवारों के चेहरे सामने आ जाएंगे और उनकी उम्मीदवारी को लेकर सियासी गतिविधि का दौर भी शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि यूपी में जीत के बाद भाजपा जहां दमदारी से एमएलसी चुनाव में सामने आएगी वहीं सपा की ओर से भी विधानसभा में हार की खामी दूर की जाएगी।




# महाभारत धारावाहिक का संवाद रचकर साहित्य की दुनिया में हो गए अमर

**गाजीपुर।** पूर्वांचल की माटी साहित्य से इतनी समृद्ध है कि उस कलम ने कभी धर्मों की दीवार को खड़ी नहीं होने दिया। इस कड़ी में डा. राही मासूम रजा का जिक्र न हो तो बात अधूरी सी लगती है। गाजीपुर जिले के गंगौली गांव में एक सितंबर 1925 को राही मासूम रजा का जन्म हुआ था। वहीं आज 15 मार्च 1992 को उनकी पुण्य तिथि है। नई पीढ़ियां शायद कम ही जानती होंगी कि 'महाभारत' धारावाहिक के संवाद राही मासूम रजा ने ही रची थी। उनकी अंतिम कृति 'नीम का पेड़' भी पूर्वांचल की सियासत को बखूबी बयान करती थी। राही मासूम रजा की प्राथमिक शिक्षा गंगा तट पर बसे गाजीपुर शहर के गंगौली में हुई थी। बचपन से ही उनके पांव में पोलियो की वजह से शिक्षा कुछ समय तक प्रभावित भी रही। किसी तरह से इंटर यानी बारहवीं तक की शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह अलीगढ़ आये और यहीं से एमए के बाद उर्दू में 'तिलिस्म-ए-होशरुबा' विषय पर पीएचडी पूरी की। यह वही विषय था जिसपर रामानंद सागर ने धारावाहिक भी बनाया था। पीएचडी पूरी होने के बाद राही मासूम रजा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में अध्यापक हो गये और अलीगढ़ के एक मुहल्ले बदरबाग में ही निवास करने लगे। अलीगढ़ में निवास के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वह सक्रिय सदस्य भी बने। समय के साथ जरूरतों ने करवट ली तो वह मुंबई जा बसे और फिल्मों के लिए लेकन करने लगे। वर्ष 1968 में मुबई आने के बाद उनकी साहित्यिक गतिविधियों के केंद्र में फिल्मों की सक्रियता बढ़ गई। समय के साथ टीवी की दुनिया उनके लिए आजीविका का बड़ा साधन बन गई। मुबई में ही उन्होंने आधा गांव, दिल एक सादा कागज, ओस की बूंद, हिम्मत जौनपुरी उपन्यास और 1965 के भारत- पाकिस्तान की जंग में शहीद वीर अब्दुल हमीद की जीवनी 'छोटे आदमी की बड़ी कहानी' रच डाली। उनकी यह सभी कृतियां खांटी हिंदी में थीं। इससे पहले वह उर्दू में महाकाव्य 1857 जो बाद में हिन्दी में 'क्रांति कथा' नाम से प्रकाशित हुई थी। आधा गांव, नीम का पेड़, कटरा बी आर्जू, टोपी शुक्ला, ओस की बूंद और सीन 75 उनके चर्चित उपन्यास रहे हैं। महाभारत से व्यापक पहचान : हिंदू धर्मग्रंथों पर भी उनकी समान पकड़ थी। उन्होंने टीवी धारावाहिक महाभारत के संवाद खुद से रचे थे। टीवी धारावाहिक महाकाव्य 'महाभारत' पर आधारित रचा गया था। यह धारावाहिक देश के सबसे लोकप्रिय टीवी सीरियल में से एक था।



# खाद्यायान्न न मिलने से आक्रोश, नागरिकों का प्रदर्शन

**महुली/विढमगंज (सोनभद्र)।** खाद्यायान्न न मिलने से नाराज नागरिकों का आक्रोश सोमवार को सतह पर आ गया। आक्रोशित नागरिकों ने अनियमितता का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। दुद्धी ब्लाक के ग्राम पंचायत धूमा में सोमवार की सुबह सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर कार्ड धारक पहुंचे। होली पर्व पर खाद्यायान्न का वितरण करने की मांग की लेकिन राशन न मिलने पर हंगामा करने लगे। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर पहुंचे भाजपा के पदाधिकारियों ने हंगामा कर रहे कार्ड धारकों व डीलर से वार्ता की। आक्रोशित नागरिकों को आश्वस्त किया कि उच्चा अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही मानक के अनुरूप खाद्यायान्न वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।इसके पश्चात खाद्यायान्न का वितरण शुरू कराया। धूमा ग्राम पंचायत में धूमा प्रथम पर स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से खाद्यायान्नका वितरण नहीं किया जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि बीते कई वर्षो से लगातार खाद्यायान्न में प्रति कार्ड एक किग्रा कम खाद्यायान्नकर दिया जाता है। पर्व नजदीक होने के बाद भी यह मनमानी जारी है। मौके पर पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार गुप्ता, संजीव कुमार, पांचू पटेल, मनोज पासवान ने आक्रोशित नागरिकों को किसी तरह शांत कराया। ग्राम प्रधान राम प्रसाद यादव ने कहा कि कोटेदार की मनमानी व लापरवाही की शिकायत हर माह मिलती रहती है। बार-बार हिदायत देने के बावजूद मनमानी कम नहीं हो रही है। प्रदर्शन करने वालों मे जिरमनिया देवी, कर्मी देवी, श्रीदेवी, अवंती देवी, फुलमतिया देवी, मुनिया देवी, भगवती देवी, उमरिया देवी आदि रहीं।

# प्रकृति ने भी ओढ़ी भगवा चादर, खिले पलाश के फूल

**दुद्धी (सोनभद्र) ।** यह संयोग ही है कि एक तरफ इन दिनों भगवा रंग राजनीतिक गलियारों में दिख रहा है, वहीं जनपद के वनवासी इलाके में पलाश के फूल खिलने से समूचे वन क्षेत्र का कलर भी भगवा हो गया है। प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए आदिवासी कुनबा उन फूलों को रंग एवं अन्य औषधीय उपयोग के लिए एकत्र करने में जुटा है बसंत ऋतु का प्राकृतिक रूप से संदेश देने वाले पलाश के फूल से रंग बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रकृति में बसंती बिखेर रहे फूलों को जुटाने में वनवासियों का कुनबा लगा है। एक ओर शहरी आवरण का चोला ओढ़े उपनगर, नगर एवं महानगरों में केमिकल युक्त रंगों की मांग की पूर्ति के लिए तमाम फैक्ट्रियों में केमिकल युक्त चटख रंग तैयार की जा रही है। रंगों की खेप बाजारों में पहुंचाने का सिलसिला शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति प्रदत्त संसाधनों से होली खेलने के लिए वनवासी बच्चे प्राकृतिक रंगों को तैयार करने में लगे हैं।शहरों में महंगे दामों में बिकने वाले एवं त्वचा के लिए बेहद



हानिकारक रंगों के बजाय दुद्धी के दुरूह व दुर्गम क्षेत्र में आबाद लोगों ने प्राकृतिक रंग से होली खेलने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके प्रथम पायदान पर वातावरण को लालिमा एवं बसंती चादर ओढ़ाने वाले पलाश के फूलों को एकत्र करने में किशोर आयु वर्ग के बच्चे पूरे उत्साह के साथ जुटे हैं। बघाडू गांव में एक पेड़ पर चढ़कर टेसू का फूल तोड़ रहे किशोर पवन ने इसका रंग बनाकर उसी से होली खेलने की बात बताई। इसी तरह नगवां गांव की कक्षा आठ में पढ़ने वाली छात्रा आरती व आराधना नामक किशोरियों ने बताया कि होली से करीब 10-15 दिन पूर्व फूल को तोड़कर उसे कड़े धूप में सुखाया जाता है। इसके बाद इन्हें तीन दिन तक पानी में डालकर गलाया जाता है। होली से एक दिन पहले बड़े-बड़े कड़ाहों में इन फूलों को गरम पानी में डालकर उबाला जाता है। रंग केसरिया आए और उसकी पकड़ मजबूत हो, इसके लिए इसमें कुछ मात्रा में चूना मिलाया जाता है। इस विधि से चटख केसरिया रंग तैयार हो जाती है। बुजुर्गों का मानना है कि इस प्राकृतिक रंग से होली खेलने वालों को कभी भी त्वचा रोग नहीं होता उसमें चमक भी आ जाती है। दशई राम ने इसके औषधीय गुण के बारे में बताया कि हम लोग बचपन से इसी तरह होली खेलते आ रहे है। नेत्रों की ज्योति बढ़ाने के लिए पलाश फूल के रस में शहद मिलाकर आंखों में काजल की तरह लगाने से काफी लाभ होते हैं। इसके बीजों को नींबू के रस में पीसकर लगाने से दाद, खाज, खुजली में आराम मिलता है।

# 308 बकायेदारों का कटा कनेक्शन, 15 लाख वसूली

**सोनभद्र ।** विद्युत वितरण खंड राबर्ट्सगंज और पिपरी के अवर अभियंताओं की टीम ने अभियान चलाकर 308 बकाएदारों का कनेक्शन काटा। 15 लाख बकाए की वसूली की। बिजली विभाग की कार्रवाई से लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। अधीक्षण अभियंता आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में बिजली व्यवस्था सुचारू रखने में धनाभाव को देखते हुए बिजली विभाग ने अभियान चलाकर वसूली करने का निर्णय लिया है। बताया कि बकाया बिजली बिल जमा करने में उपभोक्ताओं की ओर से बरती जा रही उदासीनता को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। सोमवार से अभियान शुरु कर दिया गया। सोमवार को पूरे जिले में अभियान चलाकर 10 हजार से अधिक बकाए वाले 308 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया। इन पर कुल बकाया 108 लाख है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया वह बकाया बिल का तत्काल भुगतान कर विच्छेदन की कार्रवाई से बचे। जिले के सभी अवर अभियंताओं ने अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा। इस दौरान राबर्ट्सगंज और पिपरी खंड के लगभग 30 अवर अभियंता अभियान में लगे रहे। लगभग 15 लाख रुपये बकाए की वसूली भी की गई।

# महिलाओं के स्वास्थ्य एवं खुशहाली को एनसीएल प्रतिबद्ध

**अनपरा (सोनभद्र) ।** एनसीएल में आइकानिक सप्ताह के दौरान महिलाओं के शारीरिक व मानसिक विकास को समर्पित वार्षिक महिला बैडमिटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता



एनसीएल मुख्यालय के केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित की गई। इस दौरान प्रतिभागियों की खेल प्रतिभा बखूबी निखरी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीएमडी भोला सिंह ने सभी प्रतिभागी महिला खिलाड़ियों का उत्साहव?र्द्धन किया। महिलाओं के कल्याण, स्वास्थ्य व खुशहाली के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। सीएमडी ने कंपनी के उत्थान में महिलाओं की सशक्त भूमिका को रेखांकित किया। निदेशक डा. अनिदय सिन्हा ने सभी महिलाओं से खेलों को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में आनंद और उमंग लेकर आता है। निदेशक राम नारायण दुबे ने कंपनी की ओर से महिलाओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए शुरू किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। कृति महिला मंडल की अध्यक्ष बिन्दु सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों की सराहना की। महिला बैडमिटन के खिताब पर जयंत का कब्जा महिला बैडमिटन का फाइनल मैच जयंत एवं बीना के बीच खेला गया। इसमें जयंत की टीम ने विजय हासिल कर वार्षिक खिताब पर कब्जा किया। जयंत की टीम में रेखा सिंह, नीलम पवार, नेहा, निकितासू वर्मा तथा बीना की टीम में लता पांडेय, कुसुम डूडी, नुसरत खान, शीतल सिंह शामिल रहीं। बैडमिटन सिगल्स प्रतियोगिता में कल्पना साबले प्रथम व साधना शुक्ला द्वितीय स्थान पर रहीं। बैडमिटन डबल्स में निगाही से कल्पना साबले एवं रुहिना विजेता तथा दुधीचुआ से प्रीति शुक्ला प्रथम एवं अंजलि साहनी रनर अप रहीं। टेबल टेनिस में एकल व युगल मुकाबले टेबल टेनिस फाइनल मैच एकल प्रतियोगिता दुधीचुआ की भारती रेवाटकर व निधी के बीच खेला गया। इसमें भारती रेवाटकर ने विजय हासिल की। युगल प्रतियोगिता में निगाही की सुजाता एवं संगीता शुक्ला तथा दुधिचुआ की निधी जैन व भारती रेवाटकर के बीच खेला गया। निगाही की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता के दौरान एनसीएल की 70 महिलाओं ने 95 मैच खेले।

## ग्राम पंचायतों में कितने लगे बेंच, खर्च नहीं मिली जानकारी

**सोनभद्र ।** जिला पंचायत राज विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। विकास के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट करने के आरोप लग रहे हैं। इन बातों की पुष्टि विभागीय आला अधिकारियों के पत्र से हो रही है। जिला पंचायत राज विभाग द्वारा जनपद के ग्राम पंचायतों में 12 हजार रुपये की दर से बेंच लगाया जा रहा है। यह कार्य किस फर्म व कहां पर कितना बेंच लगाया जा रहा है, इसकी सूचना के लिए डिप्टी डायरेक्टर पंचायत को बार-बार पत्र लिखना पड़ रहा है। बावजूद जिला पंचायत राज अधिकारी इसकी सूचना उपलब्ध नहीं करा रहा है। मंडलीय उप निदेशक पंचायत संजय कुमार बरनवाल ने ग्राम पंचायतों में लग रहे टेबल व बेंच में गड़बड़ी की शिकायत पर 27 जनवरी को डीपीआरओ को पत्र लिखा था। इस बाबत एक सप्ताह के अंदर जानकारी मांगी गई थी। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायतों व सचिवों को इसकी जानकारी के लिए पत्र लिखा लेकिन जवाब किसी ने नहीं दिया।

# ब्राह्मण परिवारों में तीन दिन पूर्व से चूल्हे पर नहीं चढ़ती कड़ाही

**अनपरा (सोनभद्र) ।** ऊर्जांचल के ब्राह्मण परिवारों में होली मनाने की परंपरा अनोखी है। होली पर्व को लेकर प्रायः सभी घरों में पकवान, गुझिया, नमकीन, मिठाई आदि की तैयारी जहां शुरु हो जाती है,वहीं ब्राह्मण परिवारों में होली के तीन दिन पूर्व से ही घर में कड़ाही नहीं चढ़ाई जाती। घर में घी, तेल से जुड़े कोई पकवान या खाद्य पदार्थ नहीं बनाए जाते हैं। होली के दिन परंपरा का निर्वहन करने के बाद ही पकवान बनने शुरू होते हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी और। कच्छ से कामरूप तक फैले इस विशाल भूखंड में विविधताओं का होना तो स्वाभाविक है। इन विविधताओं के बावजूद पर्व सभी को एकता में समेटे हैं। सिगरौली जनपद समेत ऊर्जांचल के सैकड़ों गांवों में होली के तीन दिन पूर्व चूल्हे पर कड़ाही नहीं चढ़ाई जाती। यह परंपरा सैकड़ों वर्ष पूर्व से चली आ रही है। इसका निर्वहन करते हुए ग्राम चंदुआर के अमरेश दुबे, श्रीकृष्ण दुबे ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार को होलिका जलाने के लिए गांव के लोग शाम को एक जगह एकत्रित होंगे। सभी ग्रामीण मिलकर सेमर की लकड़ी काटकर होलिका के लिए निश्चित स्थान पर पूजन कर उसे स्थापित करेंगे। यहीं से ब्राह्मण परिवार का होली पर्व शुरू हो जाएगा। अगले दिन बुधवार को ग्रामीण लकड़ी, घास लाकर होलिका जलाने के लिए स्थापित की गई सेमर की लकड़ी के इर्द गिर्द रखकर उसे होलिका का वृहद आकार देंगे। घर की महिलाओं द्वारा गोबर से प्रत्येक सदस्यों के नाम पर चांद सूरज तारों की आकृति तैयार की जाएगी। जिसे होलिका जलने से पूर्व परिवार के मुखिया द्वारा होलिका में डाला जाएगा। होलिका दहन के बाद सभी ग्रामीण अपने घर चले जाएंगे। अगले दिन होली पर ग्रामीण दोपहर तक रंग-अबीर खेलते हैं। इसके बाद होलिका दहन वाले स्थल पर आकर होलिका की राख को चंदन स्वरूप मानकर घर ले जाते हैं। होलिका की राख से होली खेलने के बाद ही घर की महिलाओं द्वारा पकवान बनाने का सिलसिला शुरू किया जाएगा।

# चार दिन पहले मनाई गई होली, उड़े अबीर गुलाल

**गोविन्दपुर (सोनभद्र) ।** म्योरपुर ब्लाक के आजनगिरा, अलियाटोला के आदिवासियों ने पर्व के चार दिन पूर्व सोमवार को ही होली मनाई। इस दौरान मानर की थाप और होली खेली। मानर की थाप और महिलाओं ने पायजल पहन कर होली नृत्य किया और अबीर गुलाल उड़ाए। गांव के दिनेश चौधरी, गुग्गु, सुनीता, कोटेदार कामता ने बताया



होली गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया। जमकर अबीर और गुलाल उड़ाए। म्योरपुर के आजनगिरा, अलियाटोला आदि आदिवासी गांवों में होली पर्व से पूर्व ही इसे मनाने की परंपरा है। सोमवार को होली के चार दिन पूर्व ही आदिवासियों ने जमकर कि इन गांवो में हर साल अग्रिम होली मनाने की परंपरा है। होली कब मनेगी यह गांव के बैगा तय करते हैं। एक दिन पूर्व होलिका दहन अगले दिन होली होती है। सोमवार को रंग गुलाल और घुमंतु होलिहारों ने घूम घूम कर होली खेली और नृत्य किया।

# राबर्ट्सगंज सब्जी मंडी में कार्टून में नवजात शिशु मिला इन्सानियत दिन पर दिन खत्म होती जारही है

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज सब्जी मंडी में शामको लगभग 6से,7 के बीच में पेटी में नवजात शिशु पाया गया जीस कि मृत्यु हो चुकी थी सुचना मिलने पर पुलिस द्वारा जिला जानकारी नहीं हो पाई है कि शिशु को कितनी देर पहले फेंक के गया और किसने फेका जानकारी मिलते ही पुलिस द्वारा जिला अस्पताल ले जाकर बच्चे को तुरंत दिखाया गया परंतु बच्चे की जान जा चुकी थी जब कुछ लोगों से इस विषय दी सब्जी मंडी में जहां को फेंका गया वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं इसकी जांच कराई जाए तो इसका खुलासा हो सकता है और इस तरीके की घटनाओं को रोका जा सकता है कहीं ना कहीं नवजात शिशु का मृत्यु का कारण मां बाप के साथ साथ अवैध तरीके से चला रहे हॉस्पिटल एवं डॉक्टरों की भी है अपने नजाय रिस्तो को छुपाने के लिए अबॉर्शन करवातें और नवजात शिशु को अक्सर सुनसान जगह या कूड़ेदान में फेंक के लोग चले जाते हैं आज इंसानियत शर्मसार होती नजर आ रही है इसके पहले भी रावटसगंज में कई नवजात शिशु को इसी तरीके से मिले हैं इस तरीके की घटनाएं अक्सर सुनने में आ जाती है इसकी रोकथाम के लिए हॉस्पिटलों की की जांच होनी चाहिए जहां अवैध तरीके से अबॉर्शन किया जाता है उन हॉस्पिटलों को सील कर देना चाहिए और जो इस तरीके के कार्य करने वालों को दंडित करना चाहिए।



अस्पताल लेजाकर डॉक्टर को दिखाने के बाद नवजात शिशु को मृत घोषित कर दिया गया इसकी में जानकारी ली गई तो लोगों बताया शक होने पर जब देखा गया तो पुलिस को इसकी सूचना

# रंगोत्सव को लेकर उल्लास, बाजार गुलजार

**अनपरा (सोनभद्र) ।** रंगोत्सव का पर्व होली करीब आने के साथ ही बाजार गुलजार हो गए हैं। जनपद के मुख्य बाजारों में दुकानें सज गई हैं। रंग से लेकर मिष्ठान की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। नए परिधानों को लेकर युवा उत्साहित हैं। पर्व नजदीक आते ही सभी घरों में तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं। बाजारों में रंग-गुलाल और पापड़ व नमकीन की दुकानें सज गई हैं। घरों में होली की खरीददारी के लिए सभी वर्गों में उल्लास दिखाई दे रहा है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण होली का पर्व फीका रहा। महिलाएं इस वर्ष होली को नई उमंग के साथ अलग तरीके से मनाने की रणनीति पर विमर्श कर रहीं हैं। महिलाएं घरों में आलू के चिप्स, पापड़ व गुझिया बनाने के कार्य शुरू कर दिए हैं। होली मिलन के लिए आकर्षक परिधानों की जमकर खरीददारी की जा रही है। वस्त्रों की दुकानों पर महिलाओं व पुरूषों की भीड़ उमड़ रही है।शाम को दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ है। महिलाओं का कहना है कि सभी त्योहारों पर तो बाजार में रेडीमेड सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जा रहें हैं लेकिन घर में बनी चीजों का स्वाद अलग ही होता है। इसलिए होली के दिन मेहमानों के लिए स्वादिष्ट पकवान, चिप्स, पापड़, दहीबड़ा, नमकीन आदि बनाने की तैयारी चल रही है। ज्यादातर लोग हर्बल गुलाल व कलर की खरीददारी कर रहे हैं। ऊर्जांचल के सभी प्रमुख बाजारों में काफी चहल-पहल है इस वर्ष विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व स्वयंसेवी संगठनों ने होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया है। इसके लिए होटल से लगायत लॉन आदि बुक कराए गए हैं। इस बार जमकर अबीर-गुलाल उड़ाने की तैयारी है।जिला जज ने ग्राम न्यायालय भूमि का लिया जायजा ।




# ट्रक-हाइवा की टक्कर में गई जान, एक घायल

**डाला (सोनभद्र)।** हाथीनाला थाना क्षेत्र में पिपरी बार्डर पर रेणुकूट-हाथीनाला मार्ग पर सोमवार को ट्रक और हाइवा की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में हाइवा चालक की मौत हो गई तथा ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हाथीनाला थाना क्षेत्र के पिपरी बार्डर स्थित रेणुकूट-हाथीनाला मार्ग पर हाइवा और ट्रक में आमने सामने टक्कर हुई। इस घटना में हाइवा चालक चंद्रशेखर(40) पुत्र सोती चौहान निवासी ग्राम महुआव व ट्रक चालक अरविंद कुमार (32) पुत्र कमलेश गोंड निवासी ग्राम गोझवा थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर तथा हाइवा के खलासी घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हाइवा चालक चंद्रशेखर व ट्रक चालक अरविद कुमार को हिण्डाल्को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में जांच के बाद डाक्टरों ने हाइवा चालक चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला जज ने ग्राम न्यायालय भूमि का लिया जायजा

**घोरावल (सोनभद्र)।** जनपद न्यायाधीश ने सोमवार को घोरावल में ग्राम न्यायालय बनाने के लिए जमीन व न्यायालय का मुआयना किया। इस दौरान उनके साथ उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार, कोतवाली निरीक्षक देवता नंद सिंह, लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी रहे। घोरावल ग्राम न्यायालय स्थाई तौर पर क्षेत्र के भरौली गांव में निर्मित होना है,जहां का जनपद न्यायाधीश ने निरीक्षण किया। बताया गया कि मानक के अनुरूप भूमि है। जल्दी ही स्थाई ग्राम न्यायालय स्थापित हो जाएगा। इस दौरान तहसील परिसर में संचालित अस्थाई तौर पर बनाए गए मुंसिफ कोर्ट का भी निरीक्षण किया।

## भाई व भाभी के हत्यारे को आजीवन कारावास

**मीरजापुर।** अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या तीन के न्यायाधीश जितेंद्र मिश्रा ने सोमवार को भाई व भाभी के हत्यारे भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उसे 10 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित भी किया। रामखेलावन उर्फ ढेलई बिद निवासी खजुरी ने 15 मई 2012 को देहात कोतवाली में तहरीर दी कि 14 मई की रात उनका बड़ा लडका उदय बिद और उसकी पतने माया देवी अपने मकान के छत पर सोए थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने धारदार हथियार से उनके सिर, चेहरे तथा गले पर प्राणघातक हमला करके हत्या कर दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस उड़े गुलाल अबीर

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

**डाला (सोनभद्र)।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चार राज्य में प्रचंड जीत पर यूपी गोवा असम और मणिपुर में भाजपा सरकार बनने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा डाला नगर में एक विजय जुलूस निकालकर डाला नगर में गुलाल अबीर उड़ाया गया और साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जशन मनाया और डाला नगर में भी लोगों में मिठाई वितरण किया गया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है एवं तेजी से देश विकास की ओर बढ़ रहा है भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद एवं वंदे मातरम भारत माता की जय नरेंद्र मोदी जिंदाबाद का जयकारे व डिजे साउंड के आवाज से पूरा नगर गुजता रहा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार उर्फ बबलू, मनिष तिवारी, राजू शुक्ला, महेश सोनी, सौरभ सिंह, अनिकेत निषाद, गोबिंद भारद्वाज, डब्बू पांडेय, अंशु पटेल, गंगा सागर, विकास जैन, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।







# नए सीजन में इन नए नियमों के तहत खेला जाएगा आइपीएल किए गए बड़े बदलाव.......

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन की शुरुआत इसी महीने होने वाली है। नए सीजन में टूर्नामेंट में कुछ नए नियम को लागू किया जाना है। 26 मार्च से के बाद अब प्लेइंग इलेवन को लेकर भी कुछ खास नियम बनाए गए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के सितारे श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बड़ी जीत हासिल करने के बाद



शुरू होने वाले इस बार के आइपीएल में हर टीम को डीआरएस के विकल्प ज्यादा मिलेंगे वहीं अब टाई ब्रेकर मुकाबलों में भी फैसले नए नियम के तहत किए जाएंगे। वहीं कोरोना को लेकर विशेष नियम अब दुनिया की सबसे पॉपुलर टी20 लीग आइपीएल की तैयारी में जुट गए हैं। टूर्नामेंट का नया सीजन अलग होने वाला है क्योंकि इसमें ना सिर्फ टीमों की संख्या ज्यादा होगी बल्कि कई नियम भी बदले हुए होंगे इस बार के आइपीएल में हर टीम के पास ज्यादा डीआरएस के विकल्प दिए जाएंगे। हर पारी में मैच खेलने वाली टीमों को एक की जगह पर दो दिए जाएंगे, इसका मतलब हुआ कि मैच के दौरान कुल 4 का प्रयोग किया जा सकेगा। हाल ही में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब की तरफ से कैच के नियम में बदलाव किया गया है। इस नियम को भी आइपीएल के इस सीजन में लागू किए जाने का फैसला लिया गया है। के नए नियम के मुताबिक अगर कोई भी बल्लेबाज कैच आउट होता है तो उसके बदले आने वाल नए बल्लेबाज को ही स्ट्राइक लेनी होगी। पहले कैच होने से पहले अगर दोनों बल्लेबाज छोर बदल लेते थे तो नए बल्लेबाज को नान स्ट्राइक पर जाने की अनुमति थी। अगर कोरोना की वजह से किसी टीम के पास मैच के दौरान प्लेइंग इलेवन तैयार करने में समस्या आती है तो मैच को किसी और दिन कराया जा सकेगा। मान लीजिए अगर तय किए गए दिन पर भी मैच नहीं कराया जा सकता है तो इसपर फैसला तकनीकी समिति करेगी। प्लेआफ और फाइनल मुकाबलों को लेकर टाई ब्रेकर के नियम मे बदलाव करने का फैसला लिया गया है। अगर कोई प्लेआफ या फाइनल मुकाबला टाई होता है और फैसला सुपर ओवर से नहीं निकल पाता तो इसके लिए नए नियम लागू होंगे। मैच के विजेता का फैसला लीग स्टेज में जो टीम विरोधी टीम से उपर रही हो उसको विजेता माना जाएगा।

# टीम इंडिया ने पिछले मुकाबले में धमाकेदार खेल दिखाते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की थी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड में खेली जा रही महिला विश्व कप में बुधवार को भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड के साथ होना है। टीम इंडिया ने पिछले मुकाबले में धमाकेदार खेल दिखाते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की थी। भारत ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार खेल दिखाया है और दो जीत हासिल की है। वहीं इंग्लैंड की टीम को अपने पिछले तीनों ही मुकाबलों




में हार का सामना करना पड़ा है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले इस मुकाबले में पलड़ा मिताली राज की टीम का ही भारी दिख रहा है। भारत ने तीन मैच खेल कर दो जीत हासिल करते हुए अंक तालिका में तीसरा स्थान बनाए रखा है वहीं इंग्लैंड की टीम तीन लगातार हार के बाद सातवें स्थान पर है। इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाले इस मुकाबले के जुड़ा हर जानकारी जान लीजिए। कब खेला जाएगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वां मुकाबला चेन्नेई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी (फोटो ट्विटर पेज) नए सीजन में इन नए नियमों से तहत खेला जाएगा आइपीएल, किए गए बड़े बदलाव यह भी पढ़े भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वां मुकाबला 16 मार्च बुधवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वां मुकाबला भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वां मुकाबला माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा। कितने बजे खेला जाएगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वां मुकाबला भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वां मुकाबला भारतीय समय के मुताबिक सुबह 6.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वें मैच में टास भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप का 15वें मुकाबले में टास मैच से आधे घंटे सुबह 6.00 बजे किया जाएगा। कहां देखा जा सकेगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप के 15वें मुकाबले का सीधा प्रसारण भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच विश्व कप के 15वें मुकाबले का सीधा प्रसारण स्टार नेटवर्क के स्पोर्ट्स चैनल पर देखा जा सकेगा। स्टार स्पोर्ट्स, स्टार स्पोर्ट्स एचडी, स्टार स्पोर्ट्स 1 और स्टार स्पोर्ट्स 1 एचडी पर देखा जा सकेगा। मैच की लाइव स्ट्रीमिंग हाट स्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा मैच से जुड़ी पल पल की खबर के लिए दैनिक जागरण वेबसाइट पर जा सकते हैं।

# रिषभ पंत टेस्ट में 'प्लेयर आफ द सीरीज' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने श्रीलंका को पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से हराया और फिर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम इस क्रिकेट सीरीज में पूरी तरह से हावी रही और टी20 के बाद टेस्ट सीरीज में और टीम की जीत में श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में 92 रन और दूसरी पारी में 67 रन की पारी खेली। उनकी इस बल्लेबाजी की वजह से उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया क्योंकि बेंगलुरु की पिच



भी यही हाल रहा। वैसे तो टेस्ट सीरीज में जीत दिलाने में पूरी टीम का योगदान रहा, लेकिन रिषभ पंत और श्रेयस अय्यर बेहद खास रहे। इसी वजह से पंत को प्लेयर आफ द सीरीज और श्रेयस अय्यर को प्लेयर आफ द मैच (डे-नाइट टेस्ट के लिए) चुना गया। रिषभ पंत भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 'प्लेयर आफ द सीरीज' खिताब जीतने वाले पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज भी बने। बेंगलुरु टेस्ट मैच में भारत को श्रीलंका पर 238 रन से जीत मिली पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। श्रीलंका के खिलाफ पहले यानी मोहाली टेस्ट मैच में रवींद्र जडेजा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया था जिन्होंने नाबाद 175 रन की पारी खेली थी और 9 विकेट लिए थे। श्रेयस अय्यर ने इस टेस्ट सीरीज की तीन पारियों में 62 की औसत से 186 रन बनाए और दो अर्धशतक लगाया। उनका बेस्ट स्कोर 92 रन रहा। रिषभ पंत ने टेस्ट सीरीज में विकेट के आगे और पीछे दोनों जगह की काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

# श्रेयस अय्यर फरवरी 2022 के लिए बने वर्ल्ड के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को फरवरी 2022 के लिए आइसीसी मेल प्लेयर आफ द मंथ चुना गया है। वहीं न्यूजीलैंड की एमिला कौर को आइसीसी महिला प्लेयर आफ द मंथ घोषित किया गया। श्रेयस अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में गजब की बल्लेबाजी की थी और



तीन मैचों में 57,74,73 रन की पारी खेली थी। श्रीलंका के खिलाफ इन टी20 मैचों में उन्होंने विराट कोहली की जगह पर यानी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और तीनों पारियों में अर्धशतक लगाते हुए नाबाद रहे थे। 27 साल के श्रेयस अय्यर अपने कंधे की चोट की वजह से काफी वक्त तक भारत के लिए नहीं खेल पाए थे। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार बल्लेबाजी करने से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी वनडे में 80 रन की पारी खेली थी। इंजरी से वापसी करने के बाद श्रेयस ने गजब का जज्बा दिखाया और लगातार अच्छी बल्लेबाजी की। आइसीसी प्लेयर आफ द मंथ फरवरी 2022 के लिए श्रेयस के अलावा यूएई के बल्लेबाज वृत्य अरविंद और नेपाल के आलराउंडर दीपेंद्र सिंह ऐरी को भी नामित किया गया था। श्रेयस ने इन दोनों को पीछे छोड़ते हुए ये खिताब अपने नाम किया। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर रसेल अनील्ड जो वोटिंग पैनल का हिस्सा थे उन्होंने अय्यर के हालिया प्रदर्शन के लिए उनकी काफी प्रशंसा की। रसेल अनील्ड ने कहा कि फरवरी महीने में श्रेयस अय्यर ने जबरदस्त निरंतरता और नियंत्रण अपनी बल्लेबाजी में दिखाई। वो पूरी तरह से विपक्षी गेंदबाजों पर हावी रहे और उन्हें गेंदबाजी करना सबके लिए मुश्किल रहा। उन्होंने विकेट के चारों तरफ रन बनाए और सही वक्त पर गेंदबाजों पर हावी होकर खेला। आइसीसी ने अर्नोल्ड के हवाले से कहा कि इंडिया लाइन-अप में नियमित जगह के लिए संघर्ष करते हुए उनका संयम मेरे लिए वास्तव में सबसे अलग था।

# रोहित शर्मा ने इस खिलाड़ी को बताया सबसे खतरनाक, कहा- 40 मिनट खेल जाए तो मैच का नक्शा बदल सकता है

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार खेल दिखाते हुए जीत



हासिल की। दोनों ही मुकाबलों को महज तीन दिन में जीतकर श्रीलंका का भारत ने क्लीन स्वीप किया। इस सीरीज के दौरान भारतीय विकेटकीपर रिषभ पंत ने धमाकेदार बल्लेबाजी की और प्लेयर आफ द सीरीज चुने गए। पहले मैच में उन्होंने 96 रन बनाए थे जबकि दूसरे मुकाबले में सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड बना डाला। मैन आफ द सीरीज चुने गए रिषभ पंत के बारे में रोहित ने कहा, 'हमें पता है कि वह कैसे बल्लेबाजी करता है और एक टीम के रूप में हम उसे स्वाभाविक खेल दिखाने की स्वतंत्रता देना चाहते हैं, लेकिन उससे कहा गया है कि मैच की स्थिति और पिच को भी ध्यान में रखे। वह बेहतर होता जा रहा है। पंत ने मोहाली में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में श्रीलंका के खिलाफ 97 गेंद पर 96 रन की अहम पारी खेली थी। वहीं बैंगलोर में उन्होंने महज 31 गेंद पर 50 रन की पारी खेल रिकार्ड बनाया। 28 गेंद पर टेस्ट में हाफ सेंचुरी पूरी की और भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज ऐसा करने वाले बल्लेबाज बने। रोहित ने कहा, कई बार ऐसा भी होता है कि आप सिर धुनने लगते हैं कि उसने ऐसा शाट क्यों खेला, लेकिन हमें उसे उसी रूप में स्वीकार करना होगा, जैसे वह खेलता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो आधा घंटे या 40 मिनट में मैच का नक्शा बदल सकता है। उसकी विकेटकीपिंग भी बेहतरीन है और हर मैच में उसके प्रदर्शन में सुधार आ रहा है। डीआरएस के उसके फैसले भी सटीक हो रहे हैं।

# विराट कोहली पिच पर गलत तरीके से खड़े होकर कर रहे हैं बल्लेबाजी इस खिलाड़ी ने दिया बयान

**नई दिल्ली।** विराट कोहली की खराब फार्म को लेकर क्रिकेट पंडित अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं कि वो कहां पर गलती कर रहे हैं।



अब आरसीबी की टीम में आइपीएल 2022 के लिए शामिल किए गए विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी उनकी बल्लेबाजी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। कार्तिक का मानना है कि विराट कोहली जिस तरह से रणनीति अपना रहे हैं वो सही नहीं है। कार्तिक के मुताबिक वो जिस तरह से क्रीज में बल्लेबाजी के दौरान खड़े होते हैं वो सही नहीं है। दिनेश कार्तिक ने क्रिकबज के साथ बात करते हुए कहा कि विराट कोहली क्रीज में जिस जगह पर खड़े होकर बल्लेबाजी करते हैं वो सही नहीं है और मैं उससे काफी हैरान हूं। वो लेग स्टंप के बाहर खड़े हो रहे हैं और ऐसा आप तभी करते हैं जब आपको पगबाधा आउट होने का डर होता है। इस तरह से बल्लेबाजी करने से दिक्कतें और बढ़ जाती है क्योंकि तब आपको हर एक गेंद को खेलने के लिए क्रास जाना पड़ता है। वहीं जब आप स्टंप के मध्य में खड़े होते हैं तो फिर आपके सीधा शाट खेलने के भी चांस बढ़ जाते हैं। लेग स्टंप के बाहर खड़े होने पर आपको क्रास जाना ही होता है और विराट कोहली की इस रणनीति को देखकर मैं बेहद हैरान हूं। विराट कोहली पिछले कई साल से मिडिल या फिर मिडिल और लेग के बीच में खड़े होकर बल्लेबाजी करते हैं और इसकी वजह से वो साफ्ट हैंड से बल्लेबाजी कर पाते हैं। अब अगर वो लेग स्टंप के बाहर खड़े होकर बल्लेबाजी कर रहे हैं तो ऐसा इस वजह से है कि वो एलबीडब्लयू आउट नहीं होना चाहते हैं। बेंगलुरु में जिस तरह का पिच था वहां पर इस तरह की रणनीति कहीं से भी कारगर नहीं है और यही वजह से है कि वो दोनों पारियों में स्पिन पर आउट हुए। कोहली जिस जगह पर बल्लेबाजी के लिए खड़े हुए थे वहां से बैटिंग करना मुश्किल था। आपको बता दें कि बेंगलुरु टेस्ट की दोनों पारियों में विराट कोहली ने 23 रन और 13 रन की पारी खेली थी।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर वर्ल्ड कप में दर्ज की लगातार चौथी जीत

**नई दिल्ली।** एश्ले गार्डनर और पेरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत



आइसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के 14वें मुक़ाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हरा दिया है। पेरी और गार्डनर ने 3-3 विकेट लिए और वेस्टइंडीज टीम को कम स्कोर पर रोक दिया। इससे पहले टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम महज 131 रन बनाकर आल आउट हो गयी थी जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने रिचेल हेन्स के नाबाद 83 रनों के दम पर 46वें ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक रन कप्तान स्टेफैनी टेलर के बल्ले से निकला उन्होंने 50 रन की पारी खेली। हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और तीसरे ओवर में 6 रन के स्कोर पर उसने 2 विकेट गवां दिए थे लेकिन मूनी और हेन्स की पारी ने टीम की मुश्किलें आसान कर दी। मूनी ने नाबाद 28 रनों की पारी खेली। ये टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी जीत है और पाइंट्स टेबल पर वो 4 मैच में 4 जीत दर्ज कर शीर्ष पर पहुंच गई है। इस सूची में भारत की टीम तीसरे नंबर पर है उसने 3 में से 2 में जीत दर्ज की है।आस्ट्रेलिया का अगला मैच 19 मार्च को भारतीय महिला टीम से होगा।

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष का दावा, ऐसा कर दूंगा कोई विदेशी IPL में खेलने नहीं जाएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में से एक है। पाकिस्तान




क्रिकेट बोर्ड हमेशा से ही बीसीसीआइ के टक्कर लेने की कोशिश में लगा रहता है। इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद देखा देखी पाकिस्तान में भी ऐसी ही लीग का शुरुआत की गई अब पीसीबी अध्यक्ष रमीज रजा ने इस बात का दावा किया है कि वह कुछ ऐसा करेंगे जिससे विदेशी भारतीय लीग में खेलने ही नहीं जाएंगे। क्रिक्इंफो से बात करते हुए रमीज ने कहा, आर्थिक तौर पर स्वतंत्र होने के लिए हमें कुछ संपत्ति बनाने की जरूरत होगी। हमारे पास अभी पीएस और आइसीसी के फंड के अलावा कुछ भी नहीं है। अगले साल इसके माडल को लेकर चर्चा की जा रही है, मैं चाहता हूं कि इसे अगले साल से नीलामी के माडल में बदल दिया जाए। बाजार इस चीज के अनुकूल है लेकिन फिर भी हम फ्रेंचाइजी टीम मालिकों के साथ बैठकर इस बारे में बात करेंगे। यह एक पैसों का खेल है। अगर जो पाकिस्तान में क्रिकेट की इकोनॉमी बढ़ेगी तो हमारा सम्मान भी बढ़ेगा। हमारे इस चीज का मुख्य केंद्र पीएसएल ही है। अगर जो हम पीएसएल को नीलामी के माडल में ढाल दे, पेर्स की रकम बढ़ा दें फिर हम इसे आइपीएल के ब्रैकेट में रखेंगे।

# राशिफल

**मेष**-:आज आपका अनुशासन टूट सकता है. पुराने मामले न उठाएं। खर्चे भी होने की संभावना बन रही है। आलस्य के कारण कोई काम टल सकता है।

**वृष**-:तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि ये आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं।

**मिथुन**-:आज का दिन खास रहने वाला है. आप सकारात्मक तरंगों से भरे रहेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण बात दूसरों से न शेयर करें, लोग इसका गलत फायदा उठा सकते हैं।

**कर्क**-:आज का दिन खुशियां लेकर आया है. अगर आपका जीवनसाथी से कई दिनों से मनमुटाव चल रहा है तो आज आपकी मुस्कान उनकी नाराजगी दूर करने की सबसे अच्छी दवा है।

**सिंह**-:अपनी नकारात्मक भावनाओं और प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखें। आपकी रूढ़िवादी सोच/पुराने विचार आपकी प्रगति में बाधक बन सकते हैं,

**कन्या**-:आज का दिन सुख देने वाला है. आज आपको कुछ खास जानकारी मिलने वाली है। जिस काम में आप कई दिनों से रात-दिन कर रहे थे। वह काम बड़ी आसानी से पूरा हो जाएगा।

**तुला**-:आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं. दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत होंगे।

**वृश्चिक**-:आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बहुत अच्छा है, जिन्हें करने से आप अपने बारे में अच्छा महसूस करते हैं. निश्चित रूप से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा

**धनु**-:आज आपके मन में नए विचार आएंगे. साथ ही जिन कार्यों को आप आज करने के लिए चुनेंगे वे आसानी से पूरे हो जाएंगे। इस राशि के लोग जो टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े हैं।

**मकर**-:आज आपको आराम करने और करीबी दोस्तों और परिवार के साथ कुछ खुशी के पल बिताने की जरूरत है. जल्दबाजी में निवेश न करें- यदि आप इसे हर संभव कोण से देखते हैं

**कुंभ**-:आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। नई रचना शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज किसी जरूरी काम में रुकावट आ सकती है, धैर्य से काम लें।

**मीन**-:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आप आज कोई जरूरी काम पूरा करने की सोच रहे हैं तो वो समय से पहले पूरा कर लेंगे।

## सम्पादकीय

### निहित स्वार्थी वाले इकोसिस्टम की अंधविरोध वाली प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती

पिछले दिनों पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आए। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षा से अधिक सफलता मिली है। उसने पांच में से चार राज्यों में जीत हासिल की। चुनाव नतीजों के अगले दिन निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' भी सिनेमाघरों में आई। इस फिल्म को देखने के लिए पूरे देश में अपार जनसमूह उमड़ रहा है। विधानसभा चुनाव के नतीजों और 'द कश्मीर फाइल्स' में कोई परस्पर संबंध न होते हुए भी एक बात समान है और वह है दोनों पर एक खास वर्ग की नकारात्मक प्रतिक्रिया। इस प्रतिक्रिया में दुराग्रह से भरा समान राजनीतिक स्वर था। स्वयंभू और स्वघोषित बुद्धिजीवियों के इस वर्ग ने जहां पूरी तरह तथ्यों पर आधारित 'द कश्मीर फाइल्स' को प्रोपेगेंडा फिल्म करार दिया, वहीं करोड़ों लोगों की जनतांत्रिक अभिव्यक्ति के फलस्वरूप आए चुनावी नतीजों को निराशाजनक एवं भारत की आत्मा पर चोट बता दिया। किसी ने इन चुनाव नतीजों को नफरत और सांप्रदायिकता की जीत बताया तो किसी ने भाजपा की कुटिल रणनीति की सफलता। उत्तर प्रदेश में जिनन के आह्वान से शुरू हुए चुनाव प्रचार में मतदाताओं को खुलेआम दी गई धमकियों द्वारा सांप्रदायिकता और नफरत का जहर किसने परोसा, यह सभी ने देखा, परंतु इस वर्ग का तथ्य और सत्य से कोई सरोकार नहीं है। दरअसल स्वभाव से वामपंथी और कांग्रेस पार्टी की दशकों लंबी सत्ता द्वारा पोषित वर्ग ने विश्वविद्यालय हों या मीडिया, बालीवुड हो या नौकरशाही, एक ऐसे समूह का निर्माण किया है, जिसकी स्वार्थ सिद्धि के लिए पुरानी व्यवस्था ही अनुकूल बनती है। इस समूह को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से चिढ़ है। नेहरूवाद में रचे बसे इस वर्ग के लिए भाजपा प्रतिद्वंद्वी से कहीं बढ़कर एक दुश्मन है। इस प्रभावशाली और संगठित समूह ने एक ऐसे व्यापक तंत्र का निर्माण किया है, जो पुराने राजनीतिक और वैचारिक आधिपत्य के लिए बेहतरीन तालमेल के साथ दिनरात एक इकोसिस्टम की तरह काम करता है। इस इकोसिस्टम की तत्परता और सक्रियता अचंभित करने वाली है। चुनाव नतीजे हों या किसी विधेयक की तैयारी या इन्हें रास न आने वाली अन्य कोई पहल, इस इकोसिस्टम के पास अपने कुतर्क के प्रसार के लिए देश-विदेश तक सैकड़ों मंच पहले से तैयार रहते हैं। इस इकोसिस्टम में इस्लामी चरमपंथियों के गठजोड़ ने सड़कों पर मजहबी विरोध को दैनिक क्रिया बना दिया है। कथित पंथनिरपेक्षता और उदारवाद का छद्म वेश लिए यह तंत्र इतना गहरा और मजबूत है कि पांच-पांच वर्ष पर आने-जाने वाली सरकारों के ऊपर भी भारी पड़ता है। संगठित या व्यग्र होना अपने आप में अपराध नहीं है, परंतु अक्सर देखा गया है कि एक खास किस्म का इकोसिस्टम अपने एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए बेहिचक असत्य और दोगलेपन का सहारा लेता है। नागरिकता संशोधन कानून हो या कृषि कानून या राफेल विमान खरीद, इस इकोसिस्टम द्वारा झूठ को पांव देने का पुरजोर प्रयास किया गया। इसी कारण कोरोना की दूसरी लहर के दौरान नदी में शवों को बहाने के मामले में दायर की गई जनहित याचिका को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 'पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' यानी जनहित याचिका की जगह 'पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन' अर्थात प्रचार पाने वाली याचिका करार दिया। राफेल मामले में स्वयं राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी, लेकिन न उनका रवैया बदला और न उनके इकोसिस्टम का। यह इकोसिस्टम नारी मुक्ति की बात और हिजाब एवं तीन तलाक का बचाव भी एक सांस में कर लेता है। यह अल्पसंख्यकों से संबंधित छोटे-बड़े अपराधों को वैश्विक समाचार बना देता है, परंतु किसी हिंदू या हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं की हत्याओं पर मौन साध लेता है। चाहे शिमोगा में हिजाब का विरोध करने पर हुई हर्ष की हत्या हो या फिर तंजावुर में मतांतरण के दबाव के चलते लावण्या की आत्महत्या, यह इकोसिस्टम इन खबरों को पूरी तरह पचा गया। लव जिहाद में भले ही हर वर्ष दर्जनों युवतियां अपनी जान गंवाती हों, मगर यह समूह इसे सिरे से नकारता रहता है। गया। केवल और केवल सत्ता परिवर्तन को ध्येय बनाकर अंधविरोध की प्रवृत्ति वाला इकोसिस्टम स्वस्थ लोकतंत्र और राष्ट्रीय अस्मिता एवं संप्रभुता के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। चुनाव पूर्व पत्रकारिता की आड़ में माहौल बनाने का प्रयास करने वाली शक्तियां मनमाफिक नतीजे न आने की स्थिति में जनता पर झांसे में आ जाने या सांप्रदायिक हो जाने के आरोप लगाकर जनमत का अपमान करती हैं।

# चीन के बढ़ते रक्षा बजट से भारत को सतर्क रहने की आवश्यकता


चीन का रक्षा बजट पिछले वर्ष 209 अरब डालर था। पांच मार्च को प्रस्तुत इस वर्ष के रक्षा बजट को बढ़ाते हुए 230 अरब डालर कर दिया है। इस 21 अरब डालर को मामूली बढ़ोतरी नहीं कहा जा सकता है। चीन का रक्षा बजट अब भारत के मुकाबले तीन गुना से ज्यादा हो गया है। उल्लेखनीय है कि भारत के साथ चीन का तनाव पिछले काफी दिनों से चल रहा है। भारत के साथ लगती सीमा पर तनातनी और अमेरिका के साथ चल रहे तनाव के बीच चीन ने अपना रक्षा बजट प्रस्तुत किया जिसमें उसने भारी वृद्धि की है। चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग द्वारा वहां की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस यानी एनपीसी में प्रस्तुत मसौदा बजट के हवाले से जानकारी दी कि चीन की सरकार ने वित्त वर्ष 2022 के लिए 230 अरब डालर के रक्षा बजट का प्रस्ताव किया है। देखा जाए तो चीन द्वारा रक्षा बजट में वृद्धि का प्रस्ताव हिंद प्रशांत क्षेत्र में उसके द्वारा शक्ति प्रदर्शन की बढ़ती घटनाओं के बीच आया है। ली केकियांग ने संसद में प्रस्तुत कार्य रिपोर्ट में पीएलए की युद्ध संबंधी तैयारियों को वृहद तरीके से मजबूत करने पर विषेश जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की संप्रभुता, सुरक्षा विकास हितों की रक्षा के लिए चीन की सेना को मजबूत और ठोस तरीके से सैनिक तैयारियों को अंजाम देने की आवश्यकता है। चीन का नया रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट की तुलना में तीन गुना से भी ज्यादा हो गया है। यहां जानने वाली एक बात और है कि चीन का आंतरिक सुरक्षा बजट इससे अलग है जो हमेशा रक्षा बजट से अधिक ही होता है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग के वर्ष 2012 में सत्ता में आने के बाद चीन का रक्षा खर्च लगातार बढ़ा है। चीन द्वारा विगत वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और सशस्त्र बलों के विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई थी। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो अमेरिका का रक्षा बजट सबसे ज्यादा 770 अरब डालर है। इसके बाद चीन और भारत का नंबर है। इसके बाद रूस का 61.7 अरब डालर, ब्रिटेन का 59.2 अरब डालर, सउदी अरब का 57.5 अरब डालर, जर्मनी का 52.8 अरब डालर, फ्रांस का 52.7 अरब डालर और जापान का 49.1 अरब डालर है। चीन द्वारा उसके रक्षा खर्चों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय की गई है जब लद्दाख और अरुणाचल सीमा पर पिछले लगभग दो साल से चल रहा तनाव कम नहीं हुआ है। तनाव कम करने के लिए 15वें दौर की वार्ता में भी कुछ हल निकल सका है। वहीं दूसरी तरफ चीन का अमेरिका के साथ सैन्य एवं राजनीतिक तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीन के खिलाफ बने क्वाड गठजोड़ ने भी चीन की चिंताओं को अधिक बढ़ाया है। इन सबके अलावा चीन अपनी



विस्तारवादी नीतियों से पीछे हटने वाला नहीं है। शायद इसीलिए चीन अपने रक्षा बजट में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है। विदित हो कि यह लगातार सातवां ऐसा वर्ष है जब चीन के रक्षा बजट में बढ़ोतरी का प्रतिशत इकाई अंक तक ही सीमित रखा, लेकिन भारत की तुलना में उसका रक्षा बजट काफी अधिक है। यहां गौरतलब यह भी है कि रक्षा बजट के मामले में चीन अभी भी अमेरिका से काफी पीछे है। इस घोषणा के बाद चीन अमेरिका के बाद रक्षा पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश बन गया है। अमेरिका का रक्षा बजट चीन के मुकाबले लगभग चार गुना ज्यादा होता था जो अब साढ़े तीन गुना ही ज्यादा है। हाल के वर्षो में चीन ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कई बड़े सैन्य सुधार किए हैं। इन सुधारों के तहत उसने दूसरे देशों में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए नौसेना और वायु सेना को प्राथमिकता देते हुए उनका विस्तार किया। अब चीन नई रोबोट आर्मी तैयार कर रहा है और इसकी तैनाती भी भारतीय सीमा के नजदीक करनी शुरू कर दी है। उसने भारतीय सीमा के नजदीक सैन्य गांव भी बसा दिए हैं। जबकि उसने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सैनिकों की संख्या में तीन लाख तक की कटौती भी की है। इसके बावजूद 20 लाख की सैन्य संख्या बल के साथ पीएलए अब भी दुनिया की सबसे बड़ी सेना है। चीन अपनी इसी रक्षा नीति पर चलते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ दुनिया की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बन रहा है। विगत दो वर्षों में चीनी नौसेना में जितने युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल की गई हैं उतने शायद अमेरिका की नौसेना में न हों। इतने हथियारों की बढ़ोतरी के बाद भी उसकी भूख कम नहीं हुई है। विदित हो कि कुछ समय पहले चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपनी नौसेना को संसार की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बनाने का जो संकल्प लिया था उसे चीन पूरा करने में लगा हुआ है। वर्ष 2020 तक चीन ने 360 से ज्यादा युद्धपोतों की तैनाती की है। चीन की यह विस्तारवादी नीति आने वाले समय में विश्व को नए युद्ध में धकेलने में देर नहीं लगाएगी। चीन अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोडा चाहता है। चीन ने रक्षा बजट में वृद्धि को उचित ठहराते हुए यह भी कहा कि अमेरिका एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यीकरण कर रहा है। खासकर दक्षिण चीन सागर को लेकर खींचतान सबसे ज्यादा है। चीन के नीति नियंताओं के मुताबिक सेना को अत्याधुनिक बनाए जाने के फोकस को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाया गया है। चीन का ध्यान स्टील्थ लड़ाकू विमान, विमानवाहक पोत, सेटेलाइट रोधी मिसाइल समेत नई सैन्य क्षमता विकसित करने पर है। चीन अपना दबदबा बढ़ाने के लिए नौसेना की पहुंच को समुद्री क्षेत्रों में फैला रहा है। इस साल के रक्षा बजट का मुख्य जोर नौसेना के विकास पर रहेगा, क्योंकि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर पर उसके दावे तथा समुद्री आवागमन के लिहाज से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है। इसके अलावा, एशिया प्रशांत क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए उसके जवाब के तौर पर तैयार होना है। इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि चीन सैन्य क्षेत्र में दुनिया के शक्तिशाली देशों की तुलना में सबसे ऊपर रहना चाहता है।

## सत्ता की दौड में पीछे छूटते पर्यावरण की चिंता करना आज आवश्यक है....

यह पढ़कर आपको हैरानी भले ही हो, लेकिन सच यही है कि धरातल पर वन निरंतर घट रहे हैं, जबकि कागजों पर वनक्षेत्र साल दर साल बढ़ रहा है। आलम यह है कि देश के नक्शे से 34 प्रतिशत वन क्षेत्र गायब हो चुका है, लेकिन इसकी किसी को सुध ही नहीं है। 34 प्रतिशत के इस राष्ट्रीय आंकड़े में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा सहित कमोबेश सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का हिस्सा शामिल है। इंडिया स्टेट आफ फारेस्ट रिपोर्ट (आइएसएफआर) 2021 को आधार बनाकर तैयार की गई सेंटर फार साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की रिपोर्ट चौंकाने वाले तथ्य सामने रखती है। भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.874 करोड़ हेक्टेयर है। इसमें से 23.5 प्रतिशत यानी 7.753 करोड़ हेक्टेयर जमीन को देश का कुल वन क्षेत्र बताया गया है। इसमें भी 4.422 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र आरक्षित वन, 2.122 करोड़ हेक्टेयर संरक्षित वन जबकि 1.207 अवर्गित वन क्षेत्र है। लेकिन आंकड़ों से अलग हकीकत यह है कि 5.166 करोड़ हेक्टेयर जमीन पर तो वन क्षेत्र है, मगर बाकी 2.587 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में कोई वन ही नहीं है। आइएसएफआर 2021 में 5.166 करोड़ हेक्टेयर यानी कुल वन क्षेत्र के 66 प्रतिशत जमीन पर ही वन आवरण बताया गया है। शेष 2.587 यानी 34 प्रतिशत क्षेत्र को स्क्रब अर्थात झाड़ियों में भी वर्गीकृत नहीं किया गया है। हैरत की बात यह कि 2019 और 2021 के बीच देश के वन क्षेत्र में भी केवल 0.2 प्रतिशत यानी 1.6 लाख हेक्टेयर की ही वृद्धि हुई है, जबकि घोषित वन क्षेत्र से बाहर की जमीन पर महज 0.76 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिकार्डेड वन क्षेत्र कानूनी रूप से विभिन्न श्रेणियों में बंटा है- आरक्षित, संरक्षित और अवर्गित वन। पिछले तीन दशकों से यह रिकार्डेड वन क्षेत्र मोटे तौर पर यथावत रहा है। लेकिन वन आवरण वास्तविक क्षेत्र है, जहां वन मौजूद हैं। इसमें अति सघन जंगल, मध्यम घने जंगल और खुले जंगल हो सकते हैं। इसके अलावा स्क्रब अथवा झाड़ियां हैं। यह वन भूमि है जिसमें घनत्व 10 प्रतिशत से कम है और गैर-वन भूमि है जो उपरोक्त किसी भी वर्ग में शामिल नहीं है। आप सोच रहे होंगे कि वन विभागों के अधीन कुल रिकार्डेड वन क्षेत्र 7.753 करोड़ हेक्टेयर में इन विभिन्न श्रेणियों- अति सघन, मध्यम घने और खुले वन व झाड़ियां शामिल होंगी। लेकिन ऐसा है नहीं। आइएसएफआर 2021 के अनुसार, रिकार्डेड वन क्षेत्र का केवल 5.166 करोड़ हेक्टेयर (वन विभाग के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र, जिसे वनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है) में ही वन आवरण है। इसका अर्थ है कि हमने केवल 66 प्रतिशत रिकार्डेड वन क्षेत्र का आकलन किया है। शेष की गणना नहीं की गई है। आइएसएफआर 2021 में शायद गलती से केवल एक बार उल्लेख है कि यह रिकार्डेड फारेस्ट बिना वन आवरण का है। इस भूमि को स्क्रब



के रूप में भी वर्गीकृत नहीं किया गया है। आइएसएफआर 2021 में उल्लेख किया गया है कि लगभग 0.4 करोड़ (40 लाख) हेक्टेयर को स्क्रब के रूप में वर्गीकृत किया गया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह रिकार्डेड फारेस्ट क्षेत्र के भीतर है या बाहर। इस तरह यह मूल्यांकन पूरी तरह से यह बताने से चूक जाता है कि वन विभाग के तहत भूमि की स्थिति क्या है, जो वन क्षेत्र में शामिल नहीं है। इस लापता 2.587 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र का आकार बहुत बड़ा है। इसमें देश में वन क्षरण की तस्वीर भी पता चलती है। इसलिए धरातल पर रहने की जरूरत है। वन वृद्धि की जरूरत पर सख्ती अपनानी होगी। यदि आप यह समझने के लिए गहराई में उतरते हैं कि 'लापताऽ जंगल कहां हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रमुख वन राज्यों में वन विभाग के तहत भूमि का बड़ा हिस्सा इस सूची में है। वनाच्छादित मध्य प्रदेश में 0.3 करोड़ (30 लाख) हेक्टेयर की कमी है। राज्य में रिकार्डेड वन क्षेत्र और वन आवरण के बीच का अंतर करीब 32 प्रतिशत है। झारखंड में यह अंतर 50 प्रतिशत से अधिक है। अगर यह कहा जाए कि यह अंतर उच्च हिमालय में बर्फ से ढंके क्षेत्रों में गैर जुताई वाली भूमि के कारण है, तब भी लापता वन के बड़े हिस्से और वनों पर यह लागू नहीं होता। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि यह भूमि स्क्रब थी, जिसमें बहुत कम अथवा कोई वनस्पति नहीं थी, तो भी इसका लेखा-जोखा होना चाहिए था। इसके अलावा कुछ मामलों में खासकर उत्तर पूर्वी राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय और नगालैंड में आइएसएफआर 2021 के मुताबिक, राज्य के वन विभाग के अधीन वनों से अधिक वन आवरण रिकार्डेड फारेस्ट क्षेत्रों में है। इन राज्यों में वन मुख्यतः सामुदायिक नियंत्रण में हैं, इसलिए ये तकनीकी रूप से वन रिकार्डेड फारेस्ट क्षेत्र से बाहर हैं। अगर यह वन आवरण कानून निर्धारित क्षेत्र के अधीन या बाहर है तो सेटेलाइट और धरातलीय वास्तविकता के आधार पर मूल्यांकन से इसकी पहचान नहीं की जा सकती। इसमें अब सुधार किया गया है। लेकिन यह अब भी इस सवाल का जवाब नहीं देता कि वन भूमि की स्थिति क्या है जो हरित आवरण के उपयोग के लिए निर्दिष्ट है। वन विभाग अपनी इस एक तिहाई जमीन के लिए क्या कर रहा है? और अगर यह स्क्रब कहलाने के योग्य भी नहीं है तो इसकी स्थिति क्या है? अगर लापता वन क्षेत्र इतना विशाल नहीं होता तो इसे भुलाया भी जा सकता था। लेकिन लगभग 2.6 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र को नजरअंदाज कर देना संभव नहीं है। यह भूमि है जो अगर उपलब्ध होती तो उसका उपयोग पेड़ उगाने के लिए किया जाना चाहिए था। अगर एफएसआइ द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रिमोट सेंसिंग तकनीक जमीन पर उगे अलग-थलग पेड़ों की गिनती कर सकती है तो यह निश्चित रूप से जमीन की स्थिति का आकलन भी कर सकती है।

## आखिर सपा प्रमुख अखिलेश यादव क्यों नहीं जीत पाए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव?

इस बार भी अखिलेश यादव का चुनावी अभियान असफल रहा। 'आ रहे हैं अखिलेश' का नारा पोस्टर और गानों तक ही सीमित रह गया। लिहाजा उनका उत्तर प्रदेश का फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना टूट गया। योगी आदित्यनाथ की मजबूत शासन देने वाले मुख्यमंत्री की छवि से वह पार नहीं पा सके। आखिर अखिलेश यादव का इतना बड़ा चुनावी अभियान उन्हें सत्ता में वापस लाने में क्यों विफल रहा? पिछले 18 महीनों में मैंने उत्तर प्रदेश के भीतरी इलाकों में व्यापक यात्रा की है। जमीन से आने वाली अधिकतर आवाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में थी। लोग मकान, शौचालय, गैस, राशन और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे बैंक खाते में मिलने के कारण योगी सरकार के काम से खुश दिखे। बेहतर कानून व्यवस्था ने सबका मन मोह रखा था। जब यह सब काम हो रहा था, तब अखिलेश यादव राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं थे। वह न तो संसद में सक्रिय दिखे और न ही अपने संसदीय क्षेत्र में। लोकसभा में उनकी उपस्थिति 33 प्रतिशत है। जब पूरा विपक्ष हाथरस कांड को राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश कर रहा था, तब भी अखिलेश यादव सियासी पटल से गायब थे। कोरोना संकट के दौरान जब योगी आदित्यनाथ शहर-शहर, गांव-गांव का दौरा कर रहे थे, तब अखिलेश यादव प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से स्वदेशी कोविडरोधी टीके को 'भाजपा की वैक्सीन' बताकर उसके विरुद्ध एक प्रकार का प्रलाप रहे थे। यह बात और है कि उनके इस बयान के कुछ ही दिन बाद मुलायम सिंह टीका लगवाते दिखे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से करीब तीन महीने पहले अखिलेश यादव सक्रिय हुए। संभव है तब तक उन्हें और उनकी टीम को यह अहसास हो गया होगा कि वे करोड़ों लाभार्थियों की मोदी-योगी के समर्थन में उठ रही आवाजों का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। चुनाव के तीन माह पहले इसका मुकाबला करने और मुस्लिम-यादव समुदाय तथा अनिर्णीत मतदाताओं को एक लुभावना विजयी संकेत देने के लिए उन्होंने एक जोरदार मीडिया अभियान शुरू करने का फैसला किया। 'आ रहे हैं अखिलेश' के नारे के जरिये



उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को यह बताने की कोशिश की कि सपा का शासन वापस आ रहा है। इससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में अतिरिक्त उमंग और उत्साह भर गया। सपा की रैलियों में इस शोर-शराबे वाली भीड़ ने कई कथित राजनीतिक विश्लेषकों-पत्रकारों में यह भ्रम पैदा कर दिया कि 'योगी जा रहे हैं' और 'अखिलेश आ रहे हैं।' इस प्रकार अखिलेश यादव अपने ही प्रचार तंत्र का शिकार हो गए। शायद इस मीडिया विमर्श के आधार पर उन्होंने अपनी जीत पक्की समझ ली। उत्तर प्रदेश के किसान एमएसपी पर गेहूं-धान की अभूतपूर्व खरीद, समय पर गनन भुगतान और पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के कारण योगी सरकार से संतुष्ट थे, लेकिन अखिलेश किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी कांड और जाटों की भाजपा के प्रति कथित नाराजगी को अपने लिए बेहतर मानते रहे। उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार से लोग खुश थे, लेकिन अखिलेश उन्नव कांड के इर्द-गिर्द खबरों में बने रहे। कोरोना के संकट को दूर करने के लिए योगी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से जमीनी स्तर पर लोगों में संतोष था। यहां तक कि राष्ट्रीय और वैश्विक एजेंसियों ने भी कोविड प्रबंधन के लिए योगी सरकार की प्रशंसा की, लेकिन अखिलेश यादव 'उतराते शवों' के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानियों में ही अटके रहे। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण की राह प्रशस्त होने पर दुनिया भर के हिंदुओं ने सांस्कृतिक जीत की खुशी मनाई, लेकिन अखिलेश यादव ने 'आप' के साथ मिलकर वहां भूमि घोटाले का एक फर्जी मामला गढ़ा। चुनाव के आरंभ में अखिलेश यादव ने योगी सरकार के तीन मंत्रियों को अपनी पार्टी में शामिल किया तो मीडिया का एक वर्ग इसे उनका एक निर्णायक 'मास्टर स्ट्रोक' बताने लगा। कहा गया कि इससे उनके गैर-यादव ओबीसी आधार का विस्तार होगा, लेकिन वास्तविकता में इनमें से दो दलबदलू स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी खुद चुनाव हार गए, समाजवादी पार्टी के लिए अन्य सीटों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की तो बात ही छोड़िए। लिहाजा उनका 400 सीटें जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। अपने कार्यकर्ताओं के सामने अखिलेश यादव को 'ईवीएम में हेराफेरी' की अपनी पुरानी थ्योरी का सहारा लेना पड़ा। वास्तव में कथित विश्लेषकों-चुनावी विशेषज्ञों ने अखिलेश यादव को जमीनी सच्चाई से दूर रखकर उनके साथ धोखा किया। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में लगातार छह- 2014 में लोकसभा चुनाव, 2015 में शहरी निकाय चुनाव, 2017 में विधानसभा चुनाव, 2019 में लोकसभा चुनाव, 2021 में जिला पंचायत चुनाव और अब 2022 में विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। हालांकि इन सभी गलतियों के बावजूद समाजवादी पार्टी को 2022 के विधानसभा चुनाव में 32 प्रतिशत वोट मिला है, जो उसका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। सपा के मत प्रतिशत में यह बढ़ोतरी अखिलेश यादव की मेहनत से नहीं, बल्कि बसपा के कमजोर होने के कारण अल्पसंख्यक वोटों की हुई एकतरफा लामबंदी के चलते हुई है। इस वोट शेयर का ऊपर जाना समाजवादी पार्टी के लिए तब तक नामुमकिन लगता है, जब तक कि अखिलेश यादव गैर-चुनावी समय में अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाना शुरू नहीं करते, लोगों के मुद्दों को उठाना शुरू नहीं कर देते और सदा सक्रिय रहने वाले पूर्णकालिक राजनेता नहीं बन जाते-अपने पिता मुलायम सिंह की तरह।

## पोलैंड और स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री आज जाएंगे कीव, यूक्रेन के राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के 19वें दिन चौथे दौर की वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच ये वार्ता जंग के 20वें दिन भी जारी रहेगी। हालांकि, सोमवार को हुई इस वार्ता में दोनों देशों के भी सुलह का कोई रास्ता नहीं निकल पाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि जंग खत्म कर शांति स्थापित करने के प्रयासों के तहत




उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट से बात की है। वहीं, जंग के 20वें दिन रूसी विदेश मंत्रालय का बयान आया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के द्वारा लान्च की गई मिसाइल से उनके 20 लोग मारे गए हैं, जबकि 28 लोग घायल हुए हैं। सेना के अनुसार, हमला 14 मार्च को डोनेट्स्क इलाके में एक आवासीय परिसर में टोचका-यू मिसाइल के द्वारा किया गया। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक चेक गणराज्य, पोलैंड और स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री आज यूरोपीय संघ के नेताओं के प्रतिनिधियों के रूप में राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की से मिलने के लिए कीव की यात्रा पर जाएंगे। पोलैंड सरकार का कहना है कि यात्रा का उद्देश्य यूक्रेन की संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए पूरे यूरोपीय संघ के स्पष्ट समर्थन की पुष्टि करना है। रूस लगातार यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है। इसी बीच रुबिजने में रूस के हमले में चार लोगों की मौत हो गई है। लुहान्स्क ओब्लास्ट के गवर्नर सेरही हैदाई ने बताया कि रूसी सेना ने दृष्टिबाधित बच्चों के लिए एक बोर्डिंग स्कूल और रुबिजने शहर में एक अस्पताल के साथ तीन स्कूलों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस के अनुसार, 15 मार्च की सुबह कीव में दो आवासीय भवनों को रूसी सेना ने निशाना बनाया। रूसी हमले में करीब दो लोगों की मौत हो गई। के मुताबिक चीन, रूस के प्रतिबंधों से 'प्रभावित' नहीं होना चाहता है। रूसी सेना लगातार यूक्रेन को निशाना बना रही है। इसी बीच रूसी सेना ने होस्टोमेल में नागरिकों पर गोली चलाई है। राष्ट्रीय पुलिस के अनुसार, निकासी की पहली 10 बसें सुरक्षित रूप से शहर से निकल गईं। लेकिन रूसी सेना ने अगली चार बसों पर गोलियां चला दीं। हमले में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो पुरुष घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव में रात भर रूसी सेना की ओर से गोलाबारी की गई। जिसके चलते कीव में एक इमारत में आग लग गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान के ऊपर बने एंटी साइक्लोन ने दिल्ली एनसीआर में किया गर्मी में इजाफा, जल्द 35 डिग्री के पार होगा तापमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में विदाई हो चुकी है और सिर्फ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। इस बीच रोजाना न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्मी में भी इजाफा हो रहा है। मंगलवार सुबह भी लोगों ने अन्य दिनों की तुलना बेहद मामूली ठंड महसूस की। गर्मी में इस कदर इजाफा हो रहा है कि अब दिन में भी घरों में बिना पंखों के गुजारा नहीं हो रहा है। उधर, मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार सुबह से ही आसमान साफ है और यह स्थिति दिनभर रहेगी। इस दौरान अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 एवं 18 डिग्री रह सकता है। वहीं अगले एक सप्ताह तक मौसम में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं होने के आसार है। इस बीच शनिवार तक अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस पार हो जाने के आसार हैं। उधर, स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने बताया कि राजस्थान के ऊपर एंटी साइक्लोन बना हुआ है।

### डीडीए की आवासीय योजना में आवेदन करने वाले यह खबर पढ़कर हो जाएंगे खुश

**नई दिल्ली।** अगर आपने भी दिल्ली विकास प्राधिकरण की विशेष आवासीय योजना 2021 में आवेदन किया है तो ड्रा में सफल आवेदकों में आपका नाम आना तय है। ऐसे में डीडीए फ्लैट की बकाया रकम का भुगतान करने की तैयारी अभी से शुरू कर दीजिए। इसकी वजह यह है कि 23 दिसंबर को लांच हुई डीडीए आवासीय योजना 2021 में शामिल फ्लैटों की संख्या तो 18,500 है, लेकिन एक माह के लिए आवेदन तिथि बढ़ाने के बावजूद कुल 12,253 आवेदक ही आए हैं। अब इन्हीं 12253 आवेदकों को ही ड्रा में शामिल किया जाएगा, जिससे जाहिर है कि सभी आवेदक फ्लैट हासिल करने में सफल होंगे, वहीं सबको फ्लैट मिलने के बावजूद तकरीबन 6000 फ्लैटों को खरीदार नहीं मिलेंगे।

# भाकियू ने फुटपाथ विक्रेताओ से सामान खरीदने के लिए लोगों से की अपील

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव रवि राघव ने आम जनता का आह्वान किया है कि आप सभी रोड के किनारे फुटपाथ पर सब्जी खरीदें । आपके थोडे से प्रयास से गरीबों एवं किसानों के चेहरे खिल जाऐगे और इनके घरो में भी होली का त्यौहार मनाया जा सकेगा इससे किसानो गरीबो का भी कुछ भला हो सकेगा।हमारा कृषि प्रधान



बैठे सब्जी बेचने वाले गरीब किसानों से सब्जी खरीदें। सब्जी वाला इतना अमीर होता है कि मिर्ची धनिया सब आपको मुफ्त में दे देता है लेकिन एक मॉल वाला इतना गरीब होता है कि कैरी बैग के पैसे भी आप से ले लेता है। किसान नेता ने आगे कहा है कि सभी मॉल वाले बड़े बिजनेसमैन हैं यह लोग गरीब किसानों से सस्ते में सब्जी आदि खरीद कर ,आप लोगों को महंगे दामों पर बेचते हैं इसीलिए आप लोग सीधे गरीब किसानों से जो कि सड़क के किनारे फुटपाथ पर सब्जी बेचते हैं इन लोगों से सीधी कहलाने वाला देश है। वावजूद इसके यहां के किसानों की हाल बदहाल है।अपनी सामान्य आवश्यकता भी नही पूरी कर पाते है। इनकी ओर हमारी सरकार भी ऐसा कोई ठोस कदम नही उठाती है जिससे इनका भी जीवन खुशहाल हो सके । और इन्हें अपने किसान होने पर गर्व हो सके ।हम सभी की इस छोटी सी पहल से इनकी जिन्दगी मे एक नया अध्याय जुड सकता है। और देश का अन्नदाता भी समाज मे अंतिम पंक्ति मे असहाय खडा सबल और उर्जावान हो सकता है।

## सदन में नीतीश से बहस के बाद विधानसभा नहीं आए विजय सिन्हा

**पटना।** बिहार विधानसभा की कार्यवाही में मंगलवार को अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा नहीं पहुंचे। एक दिन पहले लखीसराय में स्पीकर से दुर्व्यवहार के मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनकी सदन में बहस हुई थी। ऐसे में अटकलें लग रही हैं कि यह इसी मामले का साइड इफेक्ट है। विजय सिन्हा की जगह प्रेम कुमार आसन पर बैठे। कार्यवाही शुरू होने से पहले ही स्पीकर के अपमान का आरोप लगाकर विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया। हाथ पर काली पट्टी बांधकर सदन में आए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायकों ने नीतीश पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। विपक्ष ने कहा कि अध्यक्ष खुद सदन में आकर सफाई दें। दूसरी पाली में राजद नीतीश के इस्तीफे की मांग को लेकर वेल में आ गया। भारी हंगामे के बीच विधानसभा की दोनों पलियों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

# बदेरा पुलिस ने शराब बनाने के लिए रखा महुवा लाहन किया बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
बाला प्रसाद साहू

**मैहर।** के बदेरा थाना पुलिस को सूचना मिली की ग्राम घोरवाई,धनवाही में शराब बनाने के लिए भारी मात्रा में महुआ का लहन के साथ शराब बनाने का अन्य सामान रखा हुआ है सूचना मिलते ही बदेरा थाना प्रभारी राजश्री रोहित अपने के साथ एस आई सुरेन्द्र पांडेय, एस आई वर्मा मुन्सी रामसिंह,आरक्षक प्रकाश कुशवाहा, सम्भू राय, मिथुन सिंह, जितेंद्र गुर्जर, मुखबिर के बताए हुए जगह पर पहुंच कर महुआ लाहन डिब्बों में भरा हुआ पाया गया एवं शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बर्तन भी पुलिस ने बरामद किए उसके बाद महुआ लहन डिब्बों सहित नष्ट कर दिया गया एवं बर्तन की जब्ती बनाकर माल खाने में रखवा दिया गया है पुलिस के पहुंचने की सूचना शराब बनाने वाले को लग गई इससे पहले कि पुलिस वहां पहुंचते ही शराब बनाने वाले आरोपी वहां से फरार पर कुछ आरोपीयो को पुलिस ने धर बोचा उस पर की गई कार्य वही।





# अवैध शराब की बिक्री के संबंध में फीडबैक मांगने के लिए नंबर किए गए जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के सेवन से जन सामान्य को बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सुहास एल0 वाई0 के निर्देश पर आबकारी विभाग के द्वारा निरंतर रूप से कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया है कि अवैध अड्डों से खरीद कर मदिरा का सेवन ना करें। यहां पर बिकने वाली मदिरा जहरीली तथा उसमें मिथाइल एल्कोहल हो सकता है जो एक घातक विष है। इसके सेवन करने से व्यक्ति की आंखों की रोशनी भी जा सकती है तथा उसकी मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक प्रवृत्ति के लोग निजी स्वार्थवश अन्य प्रान्तों से अवैध मदिरा की तस्करी, विभिनन्‍ तरीकों से अवैध मद्यनिष्कर्षण/अवैध मदिरा का निर्माण कर बिक्री करते है, इस प्रकार से तैयार अवैध मदिरा मे कई जहरीली कैमिकल मिले हो सकते है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब का धन्धा करने वाले दोषियों को आजीवन कारावास या 10 लाख तक का जुर्माना या दोनों सजा एक साथ एवं मृत्यु दण्ड की सजा का प्रावधान है। एडवाइजरी में अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा फीडबैक भी चाही गई है, जिसके लिए सभी अधिकारियों के नंबर जारी किए गए हैं। ऐसी जानकारी मिलने पर कोई भी व्यक्ति संबंधित मोबाइल नंबर 9454465654, 9454466423, 9454466424, 9454466425, 9454466428, 9454466429 पर जानकारी दे सकते हैं। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और अवैध शराब के कारोबारी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# पत्नी के प्रेमी की हत्या में दंपति गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** दादरी बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महिला ने पति के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या कर दी। अब हत्या के तीन दिन बाद पुलिस ने इस मामले में महिला और



उसके पति को गिरफ्तार किया है। हत्या में प्रयोग किया गया हथौड़ा और मोबाइल फोन को बरामद किया है। हत्या की वजह महिला के प्रेमी के साथ संबंध खराब हो जाना बताया जा रहा है। गत 11 मार्च को छपरौला गांव में पुलिस को नीरज का शव मिला था। वह बिहार प्रांत का रहने वाला था और फिलहाल छपरौला गांव में किराए पर रह रहा था। बिहार के जनपद भागलपुर गांव नदियामा का रहने वाले श्रवण कुमार की पत्नी मन्ती देवी करीब दो वर्ष से नीरज के साथ रह रही थी। पिछले महीने मंती की मुलाकात दोबारा अपने पति श्रवण से हुई तो उसने बताया की नीरज शराब पीता है रोजाना उसके साथ मारपीट करता है। दोनों ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। योजना के तहत दोनों ने नीरज को शराब पीने के लिए बुलाया और 11 मार्च को नीरज को शराब पिलाने के बाद हथौड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उसके शव को झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए। एसओ बादलपुर दिनेश सिंह ने बताया कि हत्या करने के मामले में दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# उपायुक्त राजस्व ने सुनी कमिश्नर कार्यालय में लोंगो की समस्याएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व शहडोल संभाग शहडोल श्रीमती मनीषा पाण्डेय ने आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोंगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निराकरण कराने के निर्देश दिए। जन सुनवाई कार्यक्रम में जनपद पंचायत ब्यौहारी ग्राम पंचायत महदेवा के निवासियों ने आवेदन देकर बताया कि गांव में विद्युत कनेक्शन नही होने पर ग्रामवासियों को काफी समस्याओं को सामना करना पडता है साथ ही ग्रामवासियों को गर्मी के मौसम में पेयजल आदि की समस्या बनी रहती है और ग्राम महदेवा में पहुंचमार्ग बनवाने की भी ग्रामवासियों द्वारा मांग की गई। जिस पर उपायुक्त राजस्व ने शिकायत से संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर वहां विद्युत कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था तथा पहुंचामार्ग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में अनूपपुर जिले के तहसील पुष्पराजगढ ग्राम गिरारीखुर्द निवासी माया सिंह ने आवेदन देकर उपायुक्त राजस्व को बताया कि ग्राम गिरारी खुर्द में कई सालों से पीने के पानी की समस्या काफी होती है तथा यहां एक भी



हैंडपंप नही है और कुंआ भी नही है जिससे ग्रामवासियों को पीने के पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ता है सहित अन्य समस्यों से भी अवगत कराते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिस पर उपायुक्त राजस्व ने संयुक्त संचालक पीएचई को समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पड़मानिया विकासखण्ड पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर निवासी श्री चद्रभान सिंह पिता डोमारी सिंह सहित शहडोल संभाग के अन्य लोंगों ने आवेदन प्रस्तुत कर समस्याओं के निदान करने की की मांग की जिस पर उपायुक्त राजस्व ने आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थें।

# 32 बूथों पर मिली टक्कर, लगातार दूसरी बार जीतकर बीजेपी विधायक पंकज सिंह ने बनाया रिकॉर्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** विधानसभा सीट पर लगातार दूसरी बार जीते पंकज सिंह ने रिकॉर्ड बनाया है। वह प्रदेश में अकेले ऐसे विधायक बने हैं, जिन्हें



कुल मतदान करने वाले 70 प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपना विधायक चुना है। इस सीट पर 755 बूथ में से 723 पर भाजपा के पंकज सिंह को सबसे अधिक वोट मिले। यहां सीट पर सिर्फ 32 बूथ ही ऐसे रहे, जहां पर अन्य दलों के प्रत्याशी भाजपा से आगे निकल सके। सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी ने 30 बूथ पर भाजपा प्रत्याशी को मात दी, जबकि बसपा के कृपा राम शर्मा और कांग्रेस की पंखुड़ी पाठक एक-एक बूथ पर ही भाजपा प्रत्याशी से अधिक मत हासिल कर सके। नोएडा विधानसभा सीट पर चार बूथ ऐसे भी रहे, जहां पर बसपा प्रत्याशी को एक भी मत नहीं मिला, जबकि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पंकज अवाना को 13 बूथ पर एक भी मतदाता ने अपना समर्थन नहीं दिया।नोएडा विधानसभा सीट पर हर बार बढ़ा भाजपा का मत प्रतिशत्नोएडा विधानसभा क्षेत्र वर्ष 2012 में दादरी से अलग होकर बना था। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने 36.87 प्रतिशत मत प्राप्त कर जीत हासिल की थी। उनके सांसद बनने के बाद वर्ष 2014 में इस विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हुआ जिसमें भाजपा प्रत्याशी विमला बाथम को 60.96 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं, वर्ष 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पंकज सिंह को 63.84 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार उनको 70 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले है। पंकज सिंह ने प्रदेश में दूसरे सबसे बड़ी जीत दर्ज की है और वह एक लाख 81 हजार मतों के अंतर से जीते है। दादरी विधानसभा सीट पर तेजपाल नागर ने प्रदेश में तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। जिले की तीनों विधानसभा सीट पर कुल 1840 बूथ पर मतदान हुआ था जिनमें से 1542 बूथों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कराई है और वहां पर सबसे अधिक मत भाजपा प्रत्याशियों को मिले हैं। सिर्फ 298 बूथ ही तीनों विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे रहे है, जहां पर अन्य दलों के प्रत्याशी भाजपा से अधिक मत लेने में सफल हो सके हैं।

# हिजाब मसले पर देश को उजाड़ने में लगी कथित 'अदृश्य' ताकत को दण्डित किया जाये -दारा सेना

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** धर्मरक्षक श्री दारा सेना की बैठक में हिजाब मसले पर कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी हिजाब मसले में प्रदर्शन के पीछे अदृश्य ताकत को बताये जाने को गम्भीरता से लिया। बैठक में दारा सेना के महासचिव गुंजेश मण्डल ने बताया कि दारा सेना सालों से देश को आगाह करती आ रही है कि अंग्रेजी देशों की फंडिंग पर पल रहे कुछ नक्सली कमिश्निरी ईसाई आतंकवादी गिरोह देश के साम्प्रदायिक सद्भाव के ताने-बाने को ध्वस्त करके न केवल भारत के टुकड़े- टुकड़े करने में लगे है बल्कि भारत को दंगों की आग में झोक कर भारत की अर्थ-व्यवस्था को चौपट करने में भी लगे है मण्डल ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा इन ताकतों को अदृश्य बताया जा रहा है जबकि यें देशद्रोही ताकतें सबसे अधिक सर्वोच्च न्यायालय सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों में ही सक्रिय हैं और हमारे देश के बड़े-बड़े जज इन देशद्रोही ताकतों के प्रभाव में आकर इनके मामलों की सुनवाई तत्काल करते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के पूव मुख्य न्यायधीश श्री रंजन गोगोई साहब ने भी बताया था कि सर्वोच्च न्यायालय को दर्जन भर लोगों के गैंग ने अपने कब्जे में ले रखा है जो जजों को फिरौती भी देते हैं। श्री मण्डल ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने वाले देशद्रोहियों की जमानत याचिका लगाने वाले और उस याचिका पर देश के 3 उच्च न्यायालयों द्वारा उसी दिन सुबह साढे 10 बजे सुनवाई करवाने वाले और उसी दिन सर्वोच्च न्यायालय में साढ़े 3 बजे लगी याचिका पर 4 बजे सुनवाई करके गुनहगारों को 5 बजे पुलिस हिरासत से रिहा कराने वाली इन देशदोही ताकतों को इन न्यायालयों का हर एक अधिकारी और जज जानता है और कर्नाटक उच्च न्यायालय इन्हें अदृश्य ताकते बताकर देश को गुमराह कर रहा है। यह बहुत ही हास्यापद है। दारा सेना ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से देश की फिजा बिगाड़ने वाली इन देशद्रोही ताकतों को इनकी विदेशी फंडिग पर रोक लगाकर तुरन्त नेस्तनाबूत करने की मांग करते हुए कहा कि यें वो ही ताकते हैं जिन्होंने अरविन्द केजरीवाल की खूंखार नक्सलवादी गुरू अरूणा राय और अमेरीकी ऐजेन्ट नक्सलवादी हर्ष मन्दर जैसे 600 देशद्रोहियों के साथ मिलकर 18 दिसम्बर 2018 को नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन दिया था और शाहीनबाग दिल्ली दंगे हाथरस काण्ड और किसान आन्दोलन की आड़ में देश के मीडिया के एक बहुत बड़े वर्ग को खरीद कर भारत के टृकड़े - टुकड़े करने में लगे हुए हैं। इनसे देश को सावधान होने की जरुरत है ।

# मध्यप्रदेश में बड़ा हादसा चित्रकूट में श्रद्धालुओं से भरी नाव नदी में पलटी 35 श्रद्धालु थे नाव में सवार

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के धार्मिक स्थल माने जाने वाले चित्रकूट के भरत घाट पर मंगलवार की सूबह बड़ा हादसा हो गया। यहां दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से भरी नाव मंदाकिनी नदी में पलट गई। बताया जा रहा है कि, जो नाव हादसे का शिकार हुई थी उसमें 35 श्रद्धालु सवार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब नाव में सवार सभी 35 श्रद्धालु नदी की यात्रा करने के बाद नाव से उतरने के लिए घाट हुआ वहां नदी की गहराई करीब 8 फीट है। नाव पलटते ही श्रद्धालु 8 फीट गहरे पानी में गिर गए। हालांकि, गनीमत रही कि, जिस समय ये हादसा हुआ, वहां बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालुओं के साथ साथ स्थानीय लोग भी मौजूद थे। इस दौरान कई लोग श्रद्धालुओं को बचाने के लिए नदी में कूद गए। साथ ही, पुलिस को भी तत्काल हादसे की जानकारी दे दी गई। महाराष्ट्र से चित्रकूट दर्शन के लिए श्रद्धालु सूचना मिलते ही नयागांव थाना प्रभारी संतोष तिवारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच



की तरफ लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि, घाट के किनारे लगने के बाद करीब करीब उस समय हुआ जब नाव में सवार कुछ श्रद्धालु घाट पर उतरने के लिए अचानक से उठ खड़े हुए इसी दौरान नाव का बैलेंस बिगड़ा और अचानक ही वो नदी में पलट गई। 8 फीट गहरे पानी में डूबी नाव बताया जा रहा है कि, घाट किनारे जिस जगह ये हादसा गए। इस दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में नाविकों और स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बताया जा रहा है कि, नाव में सवार सभी श्रद्धालु महाराष्ट्र से चित्रकूट दर्शन करने आए हैं। नयागांव थाना प्रभारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि, हादसे का शिकार हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया है।

# पत्रकार को धमकाना पड़ा महंगा दर्ज हुआ मामला

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश प्रशाद गुप्ता

**ब्यौहारी।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत देशबंधु के संवाददाता मोहम्मद फाखिर चांद पुत्र स्वर्गीय बशीर मोहम्मद वार्ड नंबर 11 ब्यौहारी थाना में उपस्थित होकर दिनांक 13/3/22 को जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक देशबंधु, नव स्वदेश पेपर . और हितबाद का संवाददाता हूं और अपना समाचार पत्र भी बांटता हूं अपना काम करता हूं 13 मार्च को सुबह बस स्टैंड से लेकर गोदावाल तिराहा होते हुए भोगिया रोड मे स्थित नईम भैया कबाड़ी के घर के पास पहुंचा कि भैया कबाड़ी अपने घर के सामने मिला जो मेरी साइकिल को पकड़ कर रोक लिया और बोल और मां बहन की गाली देते हुए बोला कि तू मेरे दुकान के खिलाफ समाचार छापा है बोला यहां मै किसी को पत्रकार नही मानता मैं किसी को नहीं भजता हमारी पहुंच जिला लेवल तक है सभी अधिकारी मेरे जेब में है जो समाचार छापना होगा छाप देना मैं किसी से नहीं डरता अगर दोबारा मेरे दुकान के बारे में कुछ निकाला तो जान से खत्म कर दूंगा इस प्रकार की धमकी देता रहा और काफी देर बाद छोड़ दिया उसके बाद मैं थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया जिसमें पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए भैया कबाड़ी के खिलाफ धारा 341,294,506 ताजीरात हिंद के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है पत्रकार संघ ने पारित किया निंदा प्रस्ताव -वही संवाददाता के साथ हुई इस घटना को पता चलते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ व्यवहारी की एक बैठक विश्राम ग्रह ब्यौहारी में बुलाई गई जिसमें पत्रकार के साथ हुई इस तरह की वारदात की निंदा की गई और पत्रकार संघ द्वारा एक ज्ञापन व्यवहारी एसडीओपी भविष्य भास्कर को सौंपा गया जिसमें आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई जिससे इस तरह की घटना करने की हिम्मत कोई दूसरा ब्यक्ति पत्रकारों के साथ न कर सके एसडीओपी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी हम पत्रकारों के साथ हैं क्योंकि पत्रकार अपनी जान की जोखिम डाल कर खबर पहुंचाने का काम करते है हमारे पुलिस अधीक्षक कभी निर्देश है कि पत्रकारों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व और हमारे रहते पत्रकारों को कोई आंख नहीं दिखा सकता ज्ञापन सौंपते समय पत्रकार संघ अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद चतुर्वेदी, मुनींद्र तिवारी, विनय द्विवेदी, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, डॉ अशोक तिवारी श्रीनिवास मिश्रा, सतीश तिवारी, सूर्यभान यादव मोहम्मद चांद, दुर्गेश गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता विष्णुदास बैश्य, वेद प्रकाश वर्मा उपस्थित थे।

## केजीएस सीमेंट फैक्ट्री के आहलूवालिया ने दिखाया दोहरा चरित्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश कुमार यादव

**मैहर।** दरअसल मामला मैहर तहसील के नादन से जुड़ा हुआ है जो कि केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास में बसा हुआ है, सीमेंट फैक्ट्री के कई कर्मचारी नादन गांव के हैं इसी के तहत कुछ गांव के लोग केजीएस प्लांट पहुंचे थे,और उन्होंने खेलकूद से संबंधित जिसका नाम वालीवाल गेम है उसका टूर्नामेंट करवाने के लिए केजीएस के एचआर से बात की थी, और टूर्नामेंट के लिए डोनेशन मांगा था लेकिन केजीएस ने एक भी न सुनी, और टूर्नामेंट करा रहे लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा लेकिन आज केजेएस सीमेंट फैक्ट्री ने भाजपा से जुड़े हुए लोगो को 10000000 रुपए का चेक दिया जिसका हम स्वागत करते हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर क्यों कीजिए सीमेंट फैक्ट्री खेलकूद से संबंधित चीजों पर पैसा खर्च नहीं कर रही, सीएसआर मत का पैसा तो हर साल निकलता है ,लेकिन वह पैसा कहां जाता है यह भी एक सवाल है ,और कंपनी सीएसआर मत के पैसे को लगातार हर साल अपने कैलेंडर में दर्शाती हुई आ रही है, और जिस तरीके का काम आज केजीएस सीमेंट फैक्ट्री ने किया है वह तो सराहनीय है कि उन्होंने पैसे एक ऐसी पार्टी को दिए हैं जो पहले से ही करोड़पति है ,खेलकूद की कमी है हिंदुस्तान में अगर खेलकूद को बढ़ावा देंगे तो एक नया हिंदुस्तान बनेगा केजेएस सीमेंट



# यामी गौतम ने फैंस से की 'द कश्मीर फाइल्स' देखने की अपील, कहा- 'ज्यादातर देश की आबादी अब भी अनजान.......

**नई दिल्ली।** निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' की हर ओर चर्चा सुनने के मिल रही है। दर्शक सहित देश की कई बड़ी हस्तियां इस फिल्म






की तारीफ भी कर रही हैं। यही वजह है जो फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को कई राज्य में टैक्स फ्री कर दिया गया है। फिल्म की तारीफ करने वालों में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों का भी नाम शामिल है। अब बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा यामी गौतम ने भी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का सोशल मीडिया पर तारीफ की। साथ ही कहा है कि आज भी देश की ज्यादातर आबादी कश्मीर पंडितों के नरसंहार और उनके विस्थापन से अंजान है। यामी गौतम सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह फैंस से जुड़े रहने के लिए अक्सर खास पोस्ट शेयर करती रहती हैं। फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर यामी गौतम ने ट्विटर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'एक कश्मीरी पंडित की पतनी होने से पहले मैं इस शांतिप्रिय समुदाय के अत्याचारों के बारे में जानती हूं। लेकिन ज्यादातर देश की आबादी अभी भी अनजान हैं। सच्चाई जानने में हमें 32 साल लगे और एक फिल्म को भी। कृपया द कश्मीर फाइल्स और इसका समर्थन करें।' यामी गौतम ने यह बात पति आदित्य धार के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कही है। आदित्य धार ने फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर ट्विटर पर लिखा, 'आपको उन कश्मीरी पंडितों के सभी वीडियोज को देखना चाहिए जो द कश्मीर फाइल्स को देखने के बाद रो पड़े। यह सच्ची भावना है। यह दिखाता है कि कितने लंबे समय तक हमने अपने दर्द को दबाकर रखा और यह एक समुदाय त्रासदी है। हमारे पास रोने के लिए कोई कंधा नहीं था और हमारी दलीलों को सुनने के लिए कोई कान नहीं था। यह फिल्म हमारी सच्चाई दिखाने का एक साहसी प्रयास है! हमें इस त्रासदी को छुपाकर रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। सोशल मीडिया पर यामी गौतम औरल आदित्य धार ट्वीट्स तेजी से वायरल हो रहे हैं। इनके फैंस ट्वीट्स को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। आपको बता दें कि फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' 90 के दशक में कश्मीर पंडितों पर हुए नरसंहार और विस्थापन की कहानी को बयां करती हैं।

# रिलीज के एक स्टेप्स और करीब पहुंची टाइगर श्रॉफ की 'हीरोपंती 2', तारा सुतारिया ने शुरू की फिल्म की डबिंग

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस तारा सुतारिया अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में हैं। वो अक्सर अपनी फिल्मों से जुडे अपडेट फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। इसी बीच जानकारी आ



रही हैं कि एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म हीरोपंती 2 की डबिंग को शुरू कर दिया है।फिल्म की डबिंग शुरू होने की जानकारी को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझ कर दी है। इस तस्वीर में उन्होंने फिल्म की डबिंग की झलक को साझा किया है, जिसमें माइक और फिल्म की स्क्रिप्ट दिख रही है। फोटो को इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा कर एक्ट्रेस ने लिखा, हीरोपंती 2 डब डे।एक्शन रोमांस से भरपूर इस फिल्म में एक्ट्रेस तारा सुतारिया अभिनेता टाइगर श्रॉफ और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म टाइगर श्रॉफ जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई देंगे। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। ये फिल्म 29 अप्रैल, 2022 को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया अभिनीत ये फिल्म 29 अप्रैल, 2022 को अजय देवगन के डायक्टोरियल में बनी तीसरी फिल्म रन-वे 34 के साथ क्लैश होगी। फिल्म रन-वे 34 में अभिनेता अजय देवगन मुख्य पायलट की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जबकि फिल्म में अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह, अमिताभ बच्चन, आकांक्षा सिंह मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म के दो मोशन पोस्टर रिलीज हुए हैं, जिसमें अजय देवगन और अमिताभ बच्चन् अपने-अपने किरदारों के शानदार डायलॉग्स बोलते हुए दिख रहे हैं। वहीं, बात अगर एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की करे तो वो हीरोपंती 2 के अलावा मोहित सूरी और एकता कपूर की फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में अर्जुन कपूर, जॉन अब्राहम और दिशा पाटनी के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म साल 2014 में आई सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख की फिल्म का सीक्वल है।

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने मुंह छिपाने के लिए पहनी ऐसी अजीबो-गरीब जैकेट, वीडियो देख लोगों ने किया जमकर ट्रोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा अश्लील वीडियो बनाने के मामले में काफी विवादों में रहें। राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने छिपाने के पूरी कोशिश की लेकिन इसके बावजूद वह ट्रोल्स के निशाने पर आ ही गए। दरअसल, राज कुंद्रा ने ब्लैक हुडी जैकेट पहनी थी जिसमें उनका पूरा सिर और चेहरा कवर किया था। वहीं जैकेट



अश्लील वीडियो बनाने और उनका वितरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं जमानत मिलने के बाद राज कुंद्रा को कई जगहों पर शिल्पा के साथ देखा गया है। लेकिन हाल ही में उन्हें जिस लुक में देखा गया उस पर आपको भी यकीन नहीं होगा। इस दौरान का राज कुंद्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यहां देखें वीडियो शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा सोमवार को फैमिली के साथ थिएटर जाते वक्त स्पॉट किए गए। इस दौरान पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैद करने का मौका हाथ से जाने नहीं दिया। दिलचस्प बात ये है कि राज ने एक बेहद ही खास जुगाड़ के जरिए अपना चेहरा के बाहर आंखों के एरिया को एक स्पेशल चेहरे के डिजाइन से कवर किया था। इस जेकेट में उनका फेस कहीं से भी नजर नहीं आ रहा था। वहीं राज अपने इस जैकेट को पहन कर पूरे न सिर्फ अपना चेहरा छुपाने में कामयाब रहें बल्कि आराम से पूरे थिएटर में भी घूमें। हालांकि राज कुंद्रा ने पैपराजी को देख हाथ हिला कर उनको पूरा रिस्पॉन्ड किया। लेकिन राज के इस लुक को देखकर सोशल मीडिया पर यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। लोग उन्हें अपना फेस छुपाने के लिए जमकर ताने मारते दिख रहे हैं। साथ ही उनके अश्लील वीडियो मामले को लेकर उन्हें जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है।

# 'आरआरआर' का नया गाना हुआ रिलीज, 'शोले' पर जूनियर एनटीआर और राम चरण का आलिया भट्ट ने यूं दिया साथ


**नई दिल्ली।** 'बाहुबली' के बाद पैन इंडिया लेवल पर नाम कमा चुके फिल्ममेकर एसएस राजामौली जल्द ही अपनी नई फिल्म 'आरआरआर' लेकर आ रहे हैं।




'आरआरआर' फिल्म का पूरा नाम राइज, रोर, रिवोल्ट है। हाल ही में उन्होंने अपने इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के नए गाने 'शोले' का ट्रेलर लॉन्च किया था। जिसे उन्होंने अब रिलीज कर दिया है। यह गाना फिल्म का सेलिब्रेशन एंथम है। जिसे टी-सीरीज ने जारी किया है। गाने में राम चरण और जूनियर एनटीआर के साथ आलिया भट्ट ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है। गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है और सोशल मीडिया पर इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। गाने के हिंदी वर्जन की बात करें तो इसे रिलीज के कुछ ही घंटो में 23 लाख से ज्यादा व्यूज और 2 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। गाने की कोरियोग्राफी काफी दमदार है और तीनों ही एक्टर्स एनर्जेटिक डांस करते हुए आजादी के लिए लड़ने वाले फ्रीडम फाइटर्स को ट्रिब्यूट देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में सभी एक्ट्रेस ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। आलिया पिंक कलर के लहंगे व चोली में नजर आ रही हैं। जबकि जूनियर एनटीआर ब्लैक कुर्ता-व्हाइट पैजामा और रामचरण पीले रंग के कुर्ते के साथ व्हाइट पैजामा पहने दिखाई दे रहे हैं। इस गाने में जूनियर एनटीआर और राम चरण को 'वंदे मातरम' के झंडे को साथ में एक पोल पर खड़ा करते हुए भी दिखाया गया है। बता दें कि 'आरआरआर' की कहानी दो स्वतंत्रता सेनानियों कोमाराम भीम और अलूरी सीतारामाराजू की जिंदगी पर आधारित है। इस किरादर को जूनियर एनटीआर और रामचरण ने निभाया। इनके अलावा फिल्म में अजय देवगन, आलिया भट्ट, ओलिविया मॉरिस भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# निया शर्मा का लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर हुआ ताबड़तोड़ वायरल, चलती कार में किया कुछ ऐसा देखकर नहीं होगा यकीन

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे की अभिनेत्री निया शर्मा इंडस्ट्री में अपनी बोल्डनेस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। निया अबतक अपने करियर में कई शोज और म्यूजिक



वीडियोज में काम कर चुकी हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। निया आए दिन अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस को क्रेजी करती हैं। इसी बीच निया एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उनका ये वीडियो ने फैंस को हैरान कर रहा है। यहां देखें वीडियो निया शर्मा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि निया चलती हुई कार में नजर आ रही हैं। इस दौरान हव कार के रूफ विंडो से बाहर निकलकर खुद अपना वीडियो बनाती नजर आ रही हैं। निया इस दौरान हमेशा की तरह बेहद ही कातिल लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट कलर का वन शोल्डर टॉप पहना हुआ हे। इस ड्रेस में निया बेहद ही हॉट दिख रही हैं। एक बार फिर से निया का सिजलिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो रहे हैं। हमेशा की तरह ही निया का ये वीडियो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस पर कमेंट कर लगातार फैंस अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस पर कमेंट कर कोई उन्हें हॉट, ब्यूटीफुल, फायर, गॉर्जस बता रहे हैं। इसके अलावा यूजर्स ने निया के पोस्ट पर सबसे ज्यादा हार्ट और फायर इमोजी शेयर की है। आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर निया शर्मा की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर ?निया को अभी तक 7 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। वहीं निया खुद इंस्टाग्राम पर 243 लोगों को फॉलो करती हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड तस्वीरों और वीडियोज से भरा पड़ा है। साथ ही निया अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं।

# पल्लवी जोशी ने 'द कश्मीर फाइल्स' के अपने किरदार पर विचार किए साझा

**नई दिल्ली।** 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स अपनी कहानी और किरदारों के लेकर काफी चर्चाओं में है। फिल्म को दर्शको की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी बीच फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस पल्लवी जोशी अपने किरदार को लेकर बात की है और कहा है कि, देश के हर नागरिक को इस किरदार से नफरत करनी चाहिए। इस फिल्म में पल्लवी जोशी ने जेएनयू प्रोफेसर राधिका मेनन की भूमिका निभाई है, जो कश्मीर के छात्रों को आजाद कश्मीर की लड़ाई लडने के लिए प्रेरित करती है।न्यूज एजेंसी आईएएनएस की खबर के मुताबिक, लिए लड़ सकता है, तो कश्मीर क्यों नहीं।वहीं, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या के किरदार विश्ववद्यालय को बनदाम कर रहा है। इसका जवाब देते हुए फिल्म निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा, रिसर्च करें और गूगल पर जानकारी को इकट्ठा करें, आपको जवाब मिल जाएगा।बता दें, पल्लवी जोशी के अलावा इस फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती और दर्शन कुमार ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियो, तेज नारायण अग्रवाल, आई एम बुद्ध और



जब एक्ट्रेस से इस किरदार को निभाने की वजह पूछी तो उन्होंने कहा, जब मैं कश्मीरी पंडितों से उनके आघात के बारे में बात करती हूं, तो मैं उस खलनायक को समझ सकती थी, जिसको वो घूर रहे थे। और मैंने फिर इस किरदार को करने और इस भूमिका को इतनी जोरदार तरीके से लोगों के आगे पेश करने का मन बना लिया। जिससे हर भारतीय को इस किरदार से नफरत हो जाए।रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने द कश्मीर फाइल्स की टीम के साथ राजधानी दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, माना जाता है कि पल्लवी जोशी का ये विचित्र किरदार बुकर पुरस्कार विजेका लेखिका अरुंधति रॉय से प्रेरित है। जो फिल्म में ये घोषणा करती हैं कि कश्मीर कभी भी भारत का अभिन्न हिस्सा नहीं रहा है, ये एक ऐतिहासिक फैक्ट है। अगर भारत ब्रिटेन से अपनी आजादी के अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स बैनर तले किया गया है।

# अली मर्चेंट को देख उड़ा सारा खान के चेहरे का रंग एक्स हसबैंड की एंट्री पर गुस्से में यूं किया रिएक्ट

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट का शो 'लॉक अप' पहले से ही काफी कंट्रोवर्शियल और धमाकेदार है। हर नए दिन के साथ खेल और भी अत्याचारी होता जा रहा। 'लॉकअप' को और भी मसालेदार बनाने के लिए हाल ही में शो की



कंटेस्टेंट सारा खान के एक्स हसबैंड अली मर्चेंट की भी एंट्री करा दी गई है। जिसका असर दिखना शुरू हो गया है। सोमवार को शो का नया प्रोमो शेयर किया गया है। जिसमें अली की एंट्री से सारा काफी खफा नजर आ रही हैं। शो के मेकर्स ने ऑल्ट बालाजी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'लॉक अप' का नया वीडियो शेयर किया है। प्रोमो में अली मर्चेंट अपनी एंट्री के बाद सभी कंटेस्टेंट्स से मिलते हैं और उन्हें बताते हैं कि वह नए कैदी हैं। इसके बाद अली मर्चेंट उन सभी के गेम की तारीफ करते हैं और बारी-बारी से सबके पास जाकर बधाई देने लगते हैं। सभी उनसे हंस कर मिलते है। लेकिन एक्स हसबैंड को देख सारा खान के चेहरे का रंग उड़ जाता है और वे वहां से गुस्से में चली जाती हैं। वह अली मर्चेंट को पूरी तरफ अनदेखा कर देती हैं और किचन की ओर जाकर खाना बनाने लगती हैं। वह एक बार भी अली की तरफ नहीं देखती। अब देखना होगा कि शो में अली के आने से क्या दिलचस्प मोड़ आएगा। बता दें कि सारा और अली उस वक्त चर्चा में गए थे, जब उन्होंने लाइव शो में शादी की थी। दरअसल, बिग बॉस 4 में सारा कंटेस्टेंट बनकर गई थीं। जहां शो के दौरान ही उन्होंने अली से शादी कर ली थी। लेकिन बाहर आने के बाद उनके और अली के बीच काफी विवाद हुआ और शादी के दो महीने बाद ही इस कपल का तलाक हो गया। शो में अपनी एक्स वाइफ सारा की की उपस्थिति के बारे में बात करते हुए अली ने ईटाइम्स से कहा था, 'मुझे लगता है कि यह इस शो का फॉरमेट है जहां उसे होना है।

# प्रतीक सहजपाल और निक्की तम्बोली के बीच खेल-खेल में हुआ प्यार, घुटने पर बैठकर किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** प्रतीक सहजपाल जबसे बिग बॉस 15 में आए हैं तब से उनकी प्रशंसकों की लिस्ट में काफी इजाफा हुआ है। अग्रेसिव व्यवहार के साथ शो में शुरुआत करने वाले प्रतीक ने अंत तक लोगों का दिल जीत लिया। बिग बॉस 15 में अपने सफर में उन्हें जितना साथ फैंस का मिला उतना ही प्यार टेलीविजन और बॉलीवुड सितारों से भी मिला। इन्हीं में से एक नाम है निक्की तम्बोली का, जो बिग बॉस 15 की शुरुआत से ही प्रतीक सहजपाल का सिर्फ समर्थन करती ही नहीं नजर आई बल्कि खुलकर उन्होंने प्रतीक के लिए अपने आकर्षण के बारे में भी बताया। अब निक्की तम्बोली ने प्रतीक सहजपाल से शादी की इच्छा जाहिर की है। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया का शो 'खतरा-खतरा' कलर्स पर एक बार फिर लौट चुका है। शो में कई सितारे गेम खेलने पहुंचें। बिग बॉस 15 से प्रतीक सहजपाल और बिग बॉस 14 से निक्की तम्बोली भी पहले एपिसोड का हिस्सा बनी। कलर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हाल ही में एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में होस्ट भारती के अलावा निक्की तम्बोली, पुनीत जे पाठक और प्रतीक सहजपाल हैं। प्रतीक और पुनीत एक टीम में हैं तो वही दूसरी टीम में निक्की तम्बोली हैं। खतरा-खतरा में दोनों के बीच फुटबाल गेम हुआ। जिसमें प्रतीक





ने पहला गोल रोका, लेकिन उसके बाद जैसे ही निक्की तम्बोली ने उन्हें फ्लाइन किस दी उनका गेम बिगड़ गया। इस प्रोमो में निकी और प्रतीक खतरा-खतरा के मंच पर डेट पर हैं। जहां भारती जब प्रतीक से निकी को अपने प्यारे हाथों से शेक पिलाने के लिए कहती हैं, तो वह शेक निक्की तम्बोली के चेहरे पर डाल देते हैं। हालांकि उस दौरान निक्की तम्बोली की आंखें बंद थी। निक्की ने प्रतीक को डेट पर जब प्यार से आइसक्रीम खिलाने के लिए कहा, तो प्रतीक ने उनके चेहरे चेहरे पर उसे उड़ेल दिया। हालांकि इतना कुछ होने पर भी भारती सिंह ने जब निक्की से ये पूछा कि क्या वह अब भी प्रतीक के साथ डेट पर जाएंगी तो निक्की ने कहा कि वह प्रतीक से शादी करना चाहेंगी। ये सुनने के बाद प्रतीक के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान आ गई, जिसे देखने के बाद शो की मेजबान भारती सिंह ने प्रतीक सहजपाल को एक गुलाब थमाते हुए कहा कि ये लड़की तुमसे डायरेक्ट शादी की बात कह रही है। तुम इसे घुटनों पर बैठकर प्रपोज करो। भारती सिंह की ये बात सुनकर प्रतीक सहजपाल घुटनों पर गए और उन्होंने निक्की को प्रपोज किया। प्रतीक सहजपाल के प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उनकी बैक टू बैक कई म्यूजिक वीडियो सामने आ रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।